**ज्ञानामृत**

दंड द्वारा प्रजा की रक्षा करनी चाहिए, लेकिन बिना कारण किसी को दंड नहीं देना चाहिए।

▶▶ रामायण

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र



गुरु पूर्णिमा आज

www.vijaymat.com | शहडोल, गुरुवार, 10 जुलाई 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 196 | पेज- 08 | मूल्य- ₹5.00/-

**कैबिनेट के बड़े फैसले** | किसानों को राहत, बिजली कंपनियों में भर्ती और निवेश को बढ़ावा

# 35 लाख किसानों का ₹84.17 करोड़ का जलकर, ब्याज और जुर्माना माफ

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय में आयोजित कैबिनेट बैठक में प्रदेश के हर वर्ग को राहत और विकास देने वाले कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने पत्रकार वार्ता में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने बताया कि प्रदेश सरकार ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में सिंचाई जल कर पर लगने वाला ब्याज और पेनल्टी पूरी तरह माफ करने का ऐलान किया है। मप्र के 35 लाख किसानों को इस निर्णय से सीधा लाभ मिलेगा। किसानों को अब केवल जल कर की मूल राशि ही जमा करनी होगी। सरकार ने यह योजना मार्च 2026 तक लागू करने का निर्णय लिया है। जल संसाधन विभाग के मुताबिक अब तक किसानों पर कुल 647 करोड़ रुपये बकाया है, जिसमें 84 करोड़ रुपये ब्याज के रूप में शामिल हैं।



### मुख्यमंत्री 13 से 19 जुलाई तक विदेश दौरे पर रहेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 से 19 जुलाई के बीच दुबई और स्पेन की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वे निवेशकों से मुलाकात, राज्य की ब्रांडिंग, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, और वैश्विक बाजार तक पहुंच पर चर्चा करेंगे। यह दौरा मध्यप्रदेश में निवेश और उद्योग को नई दिशा देने की कोशिश है।

**लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन पर मिलेगा उपहार...** रक्षाबंधन के अवसर पर 12 जुलाई को राज्य की 1 करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 250 रुपये की राशि स्थानांतरित की जाएगी।

### बिजली कंपनियों में 49 हजार से ज्यादा पद मंजूर, भर्ती का रास्ता साफ

**मूंग-उड़द की खरीदी के लिए केंद्र को पत्र...** राज्य सरकार ने खरीफ की ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द की खरीदी को लेकर केंद्र सरकार से 8.57 लाख मीट्रिक टन खरीदी की स्वीकृति मांगी है। फिलहाल केंद्र ने 3.51 लाख मीट्रिक टन तक की अनुमति दी है, जिसे राज्य सरकार ने अपर्याप्त माना है।

**नवगठित जिलों और संभागों में सहायक संचालकों के 7 पद स्वीकृत...** सरकार ने निवाड़ी, मैहर, मऊगंज और पांढुर्ना जैसे नवगठित जिलों के लिए 7 सहायक संचालक पदों की स्वीकृति दी है। साथ ही नर्मदापुरम, चंबल और शहडोल संभागों में क्षेत्रीय कार्यालय खोलने का भी निर्णय लिया गया है, जिससे पंचायती संस्थाओं की ऑडिट प्रक्रिया बेहतर हो सकेगी।

कैबिनेट ने पूर्व, मध्य और पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनियों में 49,263 नए नियमित पदों की स्वीकृति दी है। इससे कंपनियों में मैन पावर की कमी दूर होगी और आउटसोर्स व संविदा पर निर्भरता कम होगी। अब इन कंपनियों में कुल नियमित पदों की संख्या बढ़कर 77,298 हो जाएगी। साथ ही जो पुराने अनुपयोगी और डाइंग कैडर के पद हैं, उन्हें समाप्त किया जाएगा। इससे युवाओं के लिए बड़ी संख्या में भर्ती की संभावनाएं खुलेंगी।

**कैम्पा फंड से वन क्षेत्रों में विकास...** कैबिनेट ने 1478.38 करोड़ रुपये की कैम्पा (प्रतिकरात्मक वन रोपण निधि) की वार्षिक कार्ययोजना को मंजूरी दी है, जिसमें से 1038 करोड़ रुपये इस वर्ष खर्च किए जाएंगे। यह राशि 80% वन प्रबंधन और 20% अधोसंरचना विकास पर खर्च की जाएगी।

**स्टांप अधिनियम में संशोधन से मिलेगा 212 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व...** कैबिनेट ने भारतीय स्टांप अधिनियम 1899 में मध्यप्रदेश संशोधन विधेयक 2025 को मंजूरी दी है। इसके तहत मूल्य सूचकांक के आधार पर संव्यवहारों पर देय शुल्क में बदलाव किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी के 66 नए केंद्र और 134 पदों की मंजूरी

आदिवासी क्षेत्रों में महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत 66 नए आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना को मंजूरी मिली है। इसके साथ ही 66 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, 66 सहायिका और 2 पर्यवेक्षक पदों की भी स्वीकृति दी गई है। यह योजना धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत लागू की गई है।

**मानसून अपडेट:** प्रदेश में अब तक 74% ज्यादा 14 इंच बारिश

## नरसिंहपुर में तीन बच्चे डूबे, कटनी में बिजली गिरने से 4 झुलसे, पूरे प्रदेश में अलर्ट जारी



**विजय मत, भोपाल**

नरसिंहपुर में विपतपुरा गांव में तीन बच्चे नदी में डूब गए। इनमें से एक का शव बुधवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे जबकि दूसरे का शव दोपहर करीब डेढ़ बजे मिला। एक अन्य की तलाश एनडीआरएफ की टीम कर रही है। वहीं कटनी जिले के बरही थाना क्षेत्र के ग्राम हदरहटा में धान का रोपा लगाते समय आकाशीय बिजली गिरने से चार लोग झुलस गए।

मध्यप्रदेश में बुधवार को भी बारिश का दौर जारी रहा। करीब 21 से ज्यादा जिलों में पानी गिरा। दमोह में 9 घंटे के दौरान करीब 4 इंच पानी गिर गया। शिवपुरी में 3 इंच, छतरपुर के नौगांव-सतना में 1.8 इंच और सीधी में पौन इंच बारिश हुई। भोपाल, बैतूल, दतिया, इंदौर, छिंदवाड़ा, जबलपुर, खजुराहो, रीवा, सागर, उमरिया, बालाघाट, कटनी, मैहर, टीकमगढ़, सीहोर, अशोकनगर, विदिशा, मुरैना में भी बारिश का दौर चलता रहा। मौसम विभाग ने विदिशा, रायसेन, शिवपुरी, अशोकनगर, दमोह, सागर, टीकमगढ़, छतरपुर, सिवनी, बालाघाट और मुरैना में आकाशीय बिजली गिरने या चमकने के साथ भारी बारिश जारी रहने का अलर्ट जारी किया है।

### नर्मदा खतरे के निशान से 5 फीट नीचे

नर्मदापुरम में बुधवार को पांच दिन से जारी बारिश थम गई। सुबह से मौसम खुला रहा। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। बरगी डैम से छोड़े पाने से नर्मदा नदी उफान पर है। नर्मदापुरम के सेठानी घाट पर नर्मदा नदी का जलस्तर डेंजर लेवल से 5 फीट नीचे है। दो फीट तक पानी और बढ़ने की संभावना है।

### अन्य जिलों से...

- सागर के बंडा क्षेत्र में एक कार उफनते नाले में बह गई। कार में 3 लोग सवार थे, उन्होंने कूदकर अपनी जान बचाई।
- नरसिंहपुर जिले में स्टेट हाईवे-22 पर नर्मदा नदी का झांसी घाट पुल डूबा गया है, जिससे नरसिंहपुर और जबलपुर का संपर्क टूट गया है।
- सतना में तेज बारिश से पेड़ गिर गया। इसकी चपेट में आकर कई दोपहिया वाहनों को नुकसान पहुंचा। एक मकान का चबूतरा भी क्षतिग्रस्त हो गया।
- शिवपुरी में गूगरीपुरा गांव के रपटे को पार करने के दौरान बाइक बहने लगी। इस पर सवार तीनों युवक पानी में आ गिरे। एक युवक बाइक समेत बह गया। हालांकि, कुछ देर बाद वह तैरकर बाहर आ गया।

## न्यूज इन शॉर्ट

### राजस्थान के चूरू में वायुसेना का जगुआर लड़ाकू विमान क्रैश, पायलट और को-पायलट की मौत



**चूरू, एजेंसी।** राजस्थान के चूरू में भारतीय वायु सेना का जगुआर फाइटर जेट क्रैश हो गया है। इस हादसे में विमान के पायलट और को-पायलट शहीद हो गए हैं। जिस जगह प्लेन क्रैश हुआ, वहां बड़े इलाके में फाइटर जेट का मलबा बिखरा पड़ा है। यह हादसा बुधवार (9 जुलाई) को दोपहर 12 बजकर 40 मिनट पर हुआ। भारतीय वायु सेना ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी गठित की है। चूरू एसपी जय यादव ने बताया- राजलदेसर थाना क्षेत्र के गांव भाणूदा में प्लेन क्रैश हुआ है। इसमें दो लोगों की मौत हुई है।

### शेयर बाजार लाल निशान पर हुआ बंद; सेंसेक्स 176 अंक टूटा, निफ्टी भी फिसला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईटी और तेल एवं गैस शेयरों में बिकवाली के कारण बुधवार को शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। कंपनियों के नतीजों का सीजन शुरू होने से पहले निवेशकों ने सतर्कता बरती और वैश्विक स्तर पर मिलेजुले रुख अपनाए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 176.43 अंक या 0.21 प्रतिशत गिरकर 83,536.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 330.23 अंक या 0.39 प्रतिशत गिरकर 83,382.28 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 46.40 अंक या 0.18 प्रतिशत गिरकर 25,476.10 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और आईसीआईसीआई बैंक पिछड़ गए। वहीं बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अल्ट्राटेक सीमेंट और पावर ग्रिड लाभ में रहे। खनन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वेदांता के शेयर बीएसई पर 3.38 प्रतिशत गिरकर 440.80 रुपये पर बंद हुए। यह गिरावट अमेरिकी शॉर्ट सेलर वायसराय रिसर्च की एक रिपोर्ट के बाद आई, जिसमें अरबपति अनिल अग्रवाल के खनन समूह को "वित्तीय रूप से अस्थिर" बताया गया।

### इसरो ने गगनयान मिशन के इंजन का सफल हॉट टेस्ट किया, अंतरिक्ष उड़ान की तैयारी हुई तेज



**बंगलूरू, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गगनयान मिशन के लिए एक और बड़ी सफलता हासिल की है। इसरो ने 3 जुलाई को तमिलनाडु के महेंद्रगिरी स्थित अपने प्रपल्शन कॉम्प्लेक्स में गगनयान सेवा मॉड्यूल प्रप्लशन प्रणाली (एसएमपीएस) के दो 'हॉट टेस्ट' सफलतापूर्वक पूरे किए। इन परीक्षणों की अवधि एक बार 30 सेकंड और दूसरी बार 100 सेकंड रही। इनका उद्देश्य यह था कि गगनयान के लिए तैयार की जा रही प्रणाली की संरचना और कार्यक्षमता की जांच की जा सके। यह परीक्षण गगनयान मिशन की तैयारी का एक अहम हिस्सा था, जिससे यह साबित हुआ कि अंतरिक्ष यात्रा के दौरान प्रप्लशन प्रणाली सही ढंग से काम करेगी। यह सफलता भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन की ओर एक और मजबूत कदम है।

## पत्नी के चरित्र पर शक बच्चे का डीएनए टेस्ट कराने का आधार नहीं: बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने कहा है कि सिर्फ इसलिए कि किसी व्यक्ति को अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह है, उसके नाबालिग बच्चे का पितृत्व निर्धारित करने के लिए डीएनए परीक्षण कराने का आधार नहीं बनता। एक पारिवारिक कोर्ट की ओर से नाबालिग लड़के का डीएनए परीक्षण कराने के आदेश को रद्द करते हुए न्यायमूर्ति आरएम जोशी ने कहा कि ऐसी आनुवंशिक जांच केवल असाधारण मामलों में ही कराई जा सकती है। 1 जुलाई के आदेश में न्यायमूर्ति जोशी ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि कोई व्यक्ति व्यभिचार के आधार पर तलाक का हकदार होने का दावा करता है या चरित्र पर शक होने को अपना आधार मानता है तो डीएनए परीक्षण कराने का आदेश देने का कोई उचित मामला नहीं बनता।



## नामीबिया में पीएम मोदी का भव्य स्वागत, सांस्कृतिक जुड़ाव को सराहा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नामीबिया की राजधानी विंडहुक पहुंचने पर भारतीय प्रवासियों ने जोरदार स्वागत किया। पीएम मोदी का नामीबिया का यह पहला दौरा है और किसी भारतीय प्रधानमंत्री का अब तक तीसरा आधिकारिक दौरा है। प्रधानमंत्री के होटल पहुंचने पर योग प्रदर्शन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ उनका स्वागत हुआ। प्रवासी भारतीयों ने उनसे गर्मजोशी से मुलाकात की और उन्हें उपहार व चित्र भेंट किए। इस दौरान पीएम मोदी ने सभी से आत्मीयता से मुलाकात की और उनके स्नेह को सराहा। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, नामीबिया में भारतीय समुदाय द्वारा विशेष स्वागत, भारत-नामीबिया मित्रता को लेकर उनका उत्साह दिखाता है। मुझे हमारे प्रवासी समुदाय पर अत्यधिक गर्व है, खासकर इस बात पर कि उन्होंने अपनी संस्कृति और परंपराओं से आज भी गहरा जुड़ाव बनाए रखा है।

## सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी में मप्र ने जुटाए सर्वाधिक 4800 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राज्य सरकार की प्रतिभूतियों (एसजीएस) की ताजा नीलामी में देश के सात राज्यों ने कुल 13,300 करोड़ रुपये जुटाए। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार सभी राज्यों ने अपनी अधिसूचित पूरी राशि स्वीकार कर ली।




मध्य प्रदेश सबसे आगे, इसने दो प्रतिभूतियों के जरिए 4,800 करोड़ रुपए जुटाए। राज्य ने 16 साल की अवधि पर 7.14% और 18 साल की अवधि पर 7.15% का उच्चतम यील्ड ऑफर किया, जो इस दौर में सबसे ज्यादा था। इसके बाद महाराष्ट्र ने 4,000 करोड़ जुटाए, जो दूसरे स्थान पर रहा। राज्य ने 20 और 21 साल की अवधि वाली दो प्रतिभूतियां जारी कीं। इन पर 7.14% यील्ड मिल रहा है। बिहार ने इस नीलामी दौर में सबसे कम प्रतिफल पर 2,000 करोड़ रुपये जुटाए। यह यील्ड-आधारित नीलामी आरबीआई के नियमित कर्ज कार्यक्रम के तहत आयोजित की गई। इससे राज्यों को पूंजीगत खर्च और राजकोषीय जरूरतों को पूरा करने में मदद मिली।

## महिसागर नदी पर बने पुल का एक हिस्सा गिरा, नौ लोगों की मौत

**वडोदरा, एजेंसी**



गुजरात के वडोदरा जिले के पादरा तालुका में आणंद और पादरा को जोड़ने वाले एक पुल का हिस्सा ढह गया। पुल के टूटते ही कई वाहन महिसागर नदी में गिर गए। बताया जा रहा है कि इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई है, जबकि नौ लोगों को बचा लिया गया है।

इस घटना पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने दुख जताया और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की। पीएम मोदी ने हादसे पर दुख जताया है। पीएम मोदी ने हादसे के शिकार हुए लोगों के लिए मुआवजे का भी एलान किया है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह आणंद और पादरा को जोड़ने वाले पुल का एक हिस्सा महिसागर नदी में गिर गया।

## यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हमला, रूस ने दागे 728 ड्रोन और 13 मिसाइलें

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन पर रूस ने मंगलवार रात को रिकॉर्ड 728 ड्रोन और 13 मिसाइलें दागीं। यूक्रेन की वायुसेना ने इस हमले को अब तक का सबसे बड़ा हमला करार दिया है। इन ड्रोनों में ईरान निर्मित 'शहीद' ड्रोन और कई डिकॉय ड्रोन शामिल थे। हमले का मुख्य निशाना यूक्रेन का पश्चिमी वोलिन क्षेत्र और उसकी राजधानी लुत्स्क रहा, जो पोलैंड और बेलारूस की सीमा से सटा हुआ है। यूक्रेनी वायुसेना ने बताया कि उसने 296 ड्रोनों और सात मिसाइलों को मार गिराया। बाकी 415 ड्रोन या तो रडार से गायब हो गए या फिर इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग तकनीक से निष्क्रिय कर दिए गए। यह हमला रातभर चला और इसका असर कई इलाकों में बिजली सप्लाई और संचार नेटवर्क पर पड़ा। इससे नागरिकों में दहशत फैल गई। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि रूस द्वारा किए गए हालिया ड्रोन और मिसाइल हमलों में देश का उत्तर-पश्चिमी शहर लुत्स्क सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है।

**भारत को ट्रंप की एक और धमकी**

## अगर भारत ब्रिक्स में है तो उसे भी 10% अतिरिक्त टैरिफ देना होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



ब्रिक्स देशों द्वारा एकतरफा टैरिफ और गैर-टैरिफ उपायों में बढ़ोतरी को 'अवैध और मनमाना' बताते हुए उस पर गहरी चिंता जताने के कुछ ही दिन बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स पर निशाना साधा और कहा कि भारत, जो ब्रिक्स के पांच संस्थापक सदस्यों में शामिल है, उस पर अब 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा।

ट्रंप ने मंगलवार (8 जुलाई) को संवाददाताओं से कहा, 'अगर वे (भारत) ब्रिक्स में हैं तो उन्हें 10 प्रतिशत टैक्स देना ही होगा, क्योंकि ब्रिक्स को हमारे खिलाफ खड़ा करने के लिए बनाया गया था, हमारे डॉलर को कमजोर करने और उसे स्टैंडर्ड से हटाने के लिए। अगर वे ऐसा खेल खेलना चाहते हैं, तो मैं भी अपना खेल खेल सकता हूं। ब्रिक्स में जो कोई भी है, उस पर 10 प्रतिशत टैक्स लगेगा। भारत को भी देना पड़ेगा।'

भारत को लेकर ट्रंप की यह चेतावनी 6 जुलाई को ब्रिक्स द्वारा जारी उस संयुक्त बयान के बाद आई है, जिसमें भारत सहित सदस्य देशों ने टैरिफ को लेकर आलोचना की थी। रियो डी जनेरियो में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हिस्सा लिया था।

## चुनाव आयोग बिहार में हमारे वोटरों की चोरी कर रहा, यही महाराष्ट्र में किया था: राहुल

**पटना, एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पीएम मोदी सरकार और चुनाव आयोग पर जमकर हमला बोला है। पटना में इंडिया गठबंधन के चक्काजाम में प्रदर्शन करने पहुंचे राहुल गांधी ने अपना संबोधन दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार चुनाव को महाराष्ट्र के तरह ही चोरी करने की कोशिश की जा रही है। गरीबों के हक को छीनने की साजिश रची जा रही है। लेकिन हमलोग ऐसा नहीं करने देंगे। हमलोग बिहार की जनता का भविष्य बर्बाद नहीं होने देंगे। इंडिया गठबंधन बिहार की जनता के साथ खड़ा है।




**विजय मत एंकर** मुख्यमंत्री आज करेंगे भोपाल के शास. कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय के सर्व-सुविधायुक्त भवन का लोकार्पण

## अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं गुरु: मोहन

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुरु हमें अज्ञानता के अधंकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर के समान माना गया है। गुरु का शिक्षा का प्रकाश ही जीवन को सही दिशा दिखाते हैं। इस दिन शिष्य अपने गुरुओं का पूजन करते हैं, उनके चरण वंदन कर आशीर्वाद लेते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में 10 जुलाई से 2 दिवसीय गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम में जिले के स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिकों, गुरुजनों एवं साधु-संतों की भागीदारी रहेगी। गुरु पूर्णिमा का दिन गुरु-शिष्य परंपरा की समृद्ध विरासत के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने दिन का है। प्रदेश में अनेक शिक्षक हैं जिन्होंने अपने उल्लेखनीय कार्य से विद्यार्थियों के साथ समाज में भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।



मध्यप्रदेश में सिंगरौली की एक शिक्षिका ने अनोखी पहल कर शिक्षा का प्रकाश घर-घर तक पहुँचाया। सिंगरौली के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न में पदस्थ माध्यमिक शिक्षिका सुश्री ऊषा दुबेने एक स्कूटी को 'चलती-फिरती लाइब्रेरी' में बदलकर मोहल्लों और गांवों में बच्चों तक किताबें पहुँचाई। बच्चों ने उन्हें प्यार और आदर से किताबों वाली दीदी कह कर सम्मान दिया। उनके इस अभिनव प्रयास की सराहना स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कर चुके हैं। सुश्री ऊषा ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि स्कूलों के बच्चे ताजे कमल के फूल लेकर घर आये, बच्चों की भावना को समझकर उनका भरोसा बनाये रखने के लिए मैने अपने अध्यापन को क्लास-रूम से बाहर निकाल कर चलता-फिरता पुस्तकालय बना दिया।

### भोपाल में गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 10 जुलाई को भोपाल में गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होंगे। यह कार्यर्‍ म तात्या टोपे नगर के कमला नेहरू सांदीपनि कन्या विद्यालय में दोपहर 12:30 बजे से होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस मौके पर कमला नेहरू सांदीपनि कन्या विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण करेंगे और विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शासकीय कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय के सर्व-सुविधायुक्त भवन का लोकार्पण करेंगे। यह भवन 36 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ है। भवन में सर्व-सुविधायुक्त प्रयोगशालाएँ, लायब्रेरी तथा ऑडिटोरियम निर्मित हैं।

## न्यूज इन शॉर्ट




### वन स्टॉप सेंटर में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित

सीधी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक तथा मृदुल लटौरिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी द्वारा दिनांक 08.07.2025 को वन स्टॉप सेंटर सीधी में जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक द्वारा उपस्थित लोगों को नालसा, सालसा एवं राज्य शासन की विधिक सहायता योजना, पीड़ित प्रतिकर योजना, लोक अदालत योजना, मध्यस्थता योजना की जानकारी दी गई। मृदुल लटौरिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी द्वारा उपस्थित लोगों को पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट, बाल विवाह निषेध अधिनियम के संबंध में जानकारी दी गई। उक्त शिविर में सचिव जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक, मृदुल लटौरिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी, वन स्टॉप सेंटर की अधीक्षक श्रीमती मंजुला टिग्गा, केशवर्कर/ काउंसलर सुश्री पुष्पलता शर्मा, अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे। सचिव द्वारा उपस्थित लोगों को समस्या सुनकर समाधान किया गया तथा वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण भी किया गया।

### एक्सीडेंट करने पर मामला कायम

उमरिया। चंदिया थाना अंतर्गत धौरखोह मंदिर गेट के पास मोटर सायकिल के चालक व्दारा वाहन को तेजगति मे चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया गया। जानकारी अनुसार जानकी बाई प्रजापति पति राजेश प्रजापति उम्र45 साल कीशिकायत पर मोटर सायकल क्रमांक एमपी 54 एमडी 4136 के चालक पर पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### जान से मारने की धमकी देने पर मामला कायम

उमरिया। नौरोजाबाद थाना अंतर्गत ग्राम महुरी में आरोपी व्दारा फरियादी से गाली गालौज करते हुए मारपीट की गई एवं जान से मारने की धमकी दी गई। जानकारी अनुसार ममित कुमार यादव पिता छोटे लाल यादव की शिकायत पर आरोपी लकी पाठक, लल्ला पाइठक निवासी महुरा पर पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### बिजली का करंट लगने पर वृध्द की मौत

उमरिया। पाली थाना अंतर्गत ग्राम भौतरा चौकी घुनघुटी निवासी वृध्द की करंट लगने से मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी अनुसार मृतक का नाम बिसरू सिंह उम्र 52 साल है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही हैं।

### रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन में युवा संगम रोजगार मेला 18 जुलाई को

उमरिया। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन 18 जुलाई को रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन में प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक आयोजित किया गया है। मेले में निप्पोन मल्टीसर्विस हिरिंग, सागर मेन्युफेक्रेरिंग कंपनी, मोबाइल पे, भीलवाड़ा टेक्साटाईल कंपनी, वर्धमान यान मंडीदीप भोपाल, प्रगतिशील बायोटेक सतना, एस आई एस आई सुरक्षा गार्ड, एलआईसी उमरिया, रिलायंस निप्पोन तथा एसबीआई लाइफइंश्योरेंस कंपनी शामिल होगे। आवेदक अपने साथ पासपोर्ट साइज की फोटो साथ मे समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रति लेकर रोजगार मेला मे उपस्थित हो। अधिक जानकारी के लिए 7869880800 पर संपर्क किया जा सकता है।

### अलंकरण समारोह आज

उमरिया । प्राचार्य राबर्टसन कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल उमरिया ने बताया कि आरसी स्कूल में अलंकरण समारोह 10 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे से आयोजित किया गया है। इस अवसर पर नए छात्र नेताओं का पदभार ग्रहण समारोह आयोजित होगा ।

### विधायक सीधी ने किया दिव्यांग छात्रों को निःशुल्क सहायक उपकरण का वितरण

सीधी । विकासखंड स्तरीय दिव्यांग बच्चों का निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम स्थानीय मानस भवन सीधी में विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 96 दिव्यांग बच्चों को एलिमको जबलपुर द्वारा राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार जनपद शिक्षा केंद्र द्वारा निःशुल्क उपकरण वितरण किया गया। विकासखंड सीधी अंतर्गत दिव्यांगों का चिन्हांकन किया जाकर चार सी पी चेयर, 9 ट्राई साइकिल, 15 व्हीलचेयर, 78 हियरिंग एड, 10 ब्रेल किट, 10 ब्रेल एसिलेट, एक रोलेटर, चार कैलीपर एवं 27 टी एल एम किट वितरित किए गए।इस अवसर पर विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि दिव्यांगता को अभिशाप नहीं मानना चाहिए बल्कि उसे एक अवसर के रूप में देखना चाहिए। दिव्यांगों में भी अद्भुत प्रतिभा छिपी है आवश्यकता उनको उभारने की है।

---

योजनाओं की जानकारी एवं लाभ ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम छोर के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु निर्देश दिए

# नवांकुर संस्था जया सेवा समिति की सेक्टर बैठक हुई

**विजय मत, उमरिया**




मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के ग्राम पंचायत गुरूवाही में नवांकुर संस्था जया सेवा समिति की सेक्टर बैठक सम्पन्न हुई। जिला समन्वयक रविंद्र शुक्ला ने कहा कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर सखी योजना के माध्यम से संपूर्ण मध्य प्रदेश में बीज रोपित थैलियों का वितरण कर स्थापित नर्सरी में फलदार, औषधीय, फूलदार पौधे तैयार करने हेतु महिलाओं के माध्यम से कार्य करेगा जो पर्यावरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है’। उन्होने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यो विभिन्न विषयों पर नगर एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के चर्चा कर मध्य प्रदेश शासन और भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी एवं लाभ ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम छोर के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु निर्देश दिए। बैठक में एक पेड़ माँ के नाम के तहत सभी लोगो को पेड़ लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सेक्टर अंतर्गत 100 नवांकुर सखी चयनित की जाएगी जिनको 5 पौधे दिए जाएंगे एवं पर्यावरण संरक्षण के तहत सभी एक एक पौधा लगाए। ग्राम पंचायत परिसर में जिला समन्वयक द्वारा पौधरोपण किया गया एंव सेक्टर अंतर्गत सभी प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष एंव सचिवो को दस्तावेज संधारण के एंव मासिक बैठक के बारे में जानकारी दी गयी।

बैठक में नवाँकुर संस्था अध्यक्ष देव प्रकाश गौतम , ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ताला अध्यक्ष तुलसा सिंह , ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बड़वाही ,अध्यक्ष राजेश सिंह सचिव , ओमप्रकाश सिंह ,अध्यक्ष पतौर सोमवती सिंह ,सचिव राजवती सिंह ,माला अध्यक्ष मुकेश यादव , परासी सचिव सुलोचना सिंह , आदि समाजसेवी उपस्थित रहे।

## आवासीय छात्रावास में किया गया परामर्श एवं जागरूकता सत्र का आयोजन

**विजय मत, उमरिया**



राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत उमंग स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ परामर्शदाताओं के आउटरीच गतिविधि के तहत छात्राओं को जागरूक किए जाने हेतु शासकीय जनजाति उ.त्.ष्ट सीनियर कन्या छात्रावास उमरिया में किशोरावस्था में बदलाव, पोषण आहार ,शारीरिक स्वच्छता ,बीएमआई मैनेजमेंट के सत्र का आयोजन किया गया ,जिसमें को 41 छात्राएं उपस्थित रही एवं 8 बालिकाओं को व्यक्तिगत परामर्श सुविधा किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता राकेश चौधरी एवं वर्षा त्रिपाठी द्वारा प्रदान की गई । विकासखंड मानपुर में किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता पूनम मिश्रा द्वारा कन्या शिक्षा परिसर मानपुर आवासीय छात्रावास में 185 छात्राओं को पोषण एवं बढ़ती उम्र में बदलाव पर सत्र लिया गया एवं 9 किशोरी बालिकाओं को व्यक्तिगत परामर्श सुविधा उपलब्ध कराई गई।

विकासखंड पाली में परामर्शदाता पवन मेहरा के द्वारा सीनियर अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास में पोषण किशोरावस्था में बदलाव एवं शारीरिक स्वच्छता पर सत्र आयोजित कर 50 छात्रों को लाभ दिया गया जिसमें 12 छात्रों को व्यक्तिगत परामर्श सुविधा उपलब्ध कराई गई उसके साथ ही उपस्थित छात्र-छात्राओं को टोल फ्री नंबर की जानकारी उपलब्ध कराई गई ।

### अतिवृष्टि के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

उमरिया। बारिश या अतिवृष्टि के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि सिंह के मार्गदर्शन मे शहर के लिए पृथक से कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के प्रभारी उपयंत्री देवकुमार गुप्ता होगे जिनका मोबाइल 62600 59790 हैं।

श्री गुप्ता को निर्देशित किया गया है कि वे हर समय अपना मोबाइल चालू रखें। साथ ही नागरिकों से भी अपील की गई है कि किसी भी तरह की घटना की जानकारी अथवा सहायता के लिए उप यंत्री देवकुमार गुप्ता , तथा सहयोगी अखिलेश सिंह 8770621 779, श्री शंकर यादव 9340 624955, बबलू हाथेगन 909 8210338, से संपर्क करें।

## नगर के सामुदायिक भवन आपात स्थिति के लिए आरक्षित

### अतिवृष्टि की संभावना को देखते हुए नगरपालिका ने किए व्यापक इंतजाम

**विजय मत, उमरिया**

मानसून के दौरान हो रही बारिश तथा मौसम विभाग द्वारा दी जा रही चेतावनी को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि सिंह के निर्देश पर कई एहतियाती कदम उठाए गए हैं। जिनमे मुख्य रूप से शहर के सामुदायिक भवन एवं आश्रय स्थल को आपात स्थिति के लिये सुरक्षित करना तथा अधिकारियों को सभी वार्डों का अनिवार्य रूप से नियमित निरीक्षण आदि शामिल है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह ठाकुर ने बताया कि बीते दिनों हुई बारिश से जिले में कई स्थानों पर जलप्लावन की स्थिति निर्मित हो रही थी। वर्षा के कारण ऐसे किसी भी संभावित खतरे को देखते हुए नगर के सामुदायिक भवनों, आश्रय स्थल को जनता के लिए सुरक्षित किया गया है ताकि इमरजेंसी में प्रभावितों को आश्रय मिल सकें। श्री ठाकुर ने बताया कि नपा अमले को शहर के विभिन्न मोहल्लों का सतत निरिक्षण कर नदी-नालों और नालियों तथा पानी की निकासी पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है।

## पौधारोपण की देखभाल एवं प्रबंधन हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित

**विजय मत, उमरिया**

नगरीय निकायों में अमृत प्रकोष्ठ एवं जिला स्तर पर पौधारोपण की देखभाल, प्रबंधन हेतु कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है । समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह, वनमंडलाधिकारी विवेक सिंह, सहायक संचालक उद्यानिकी झनक सिंह मरावी, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद, नगर परिषद समस्त, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सदस्य होगे।

जिला हरित निगरानी समिति व्दारा नगरीय निकायों में रोपित किए जाने वाले पौधो के प्रकार, हरित क्षेत्र, वित्तीय प्रबंधन आदि में नगरीय निकायों को सहयोग करना एवं अधिकारियों की समिति पौधारोपण की देखभाल , प्रबंधन हेतु कार्यो का निष्पादन करने संबंधी निर्णय ले सकेगी।

### लेखा प्रशिक्षण का सत्र 1 अगस्त से

उमरिया । प्राचार्य प्रशिक्षण शाला रीवा ने बताया कि लेखा प्रशिक्षण का नियमित सत्र 1 अगस्त से प्रारंभ होकर 15 अक्टूबर तक चलेगा । आवेदन 24 जुलाई तक कार्यालय प्राचार्य लेखा प्रशिक्षण शाला रीवा में स्वीकार किए जाऐगे । अर्ध्दशासकीय विभाग के प्रशिक्षणार्थियों को दो हजार रूपये का चलान संबंधित शीर्ष में जमाकर आवेदन पत्र के साथ कार्यालय में जमा करना होगा। प्रशिक्षण में वही लिपिक वर्गीय कर्मचारी शामिल हो सकेगे जिनकी सेवा नियमित रूप से एक वर्ष या उससे अधिक हो । लेखा प्रशिक्षण शाला में प्रवेश एवं परीक्षा तथा अग्रिम वेतन वृध्दि के संबंध मे शासन व्दारा समय समय पर जारी नियम, निर्देश मान्य होगे ।

### अवैध शराब जप्त

उमरिया। पाली थाना अंतर्गत आरोपिया के घर के बाहर ग्राम बन्नौदा में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपिया के पास से अवैध शराब जप्त की है। जानकारी अनुसार द्रोपती साहू उम्र 40 साल पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उसके पास से कच्ची महुआ शराब कुल 6 लीटर जप्त की है जिसकी कीमत 600 रूपये है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

## ट्रेड यूनियन का मिला अंतरराष्ट्रीय यूनियनों का समर्थन

### हड़ताल की पूर्व संध्या पर निकाला गया मशाल जुलूस



**विजय मत, सीधी**

राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल की पूर्व संध्या पर अल्ट्राटेक सीधी सीमेंट वर्क्स मझगवा के गेट से लेकर पुलिस चौकी तक सीटू यूनियनों के नेतृत्व में मसाला जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया। सीमेंट मजदूर यूनियन एकता सीटू इकाई अल्ट्राटेक सीधी सीमेंट वर्क्स मझिगवां के अध्यक्ष व सीटू यूनियन के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य तेज प्रताप दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि ये 22वीं संयुक्त आम हड़ताल है जिसमे 40 करोड़ से ज्यादा लोग हिस्सेदारी करने जा रहे है, अपनी 18 सूत्रीय मांगों के साथ चेतावनी दें रहे है केंद्र सरकार तुरंत ही काली चार श्रम संहिताओं को वापस ले एवं 26 हजार न्यूनतम मजदूरी करने सहित नए श्रम से होने बाले नुकशान पर बातचीत प्रारंभ करें। श्री दुबे ने बताया कि इस आम हड़ताल को दुनिया के ट्रेड यूनियनों का भी समर्थन है,इसका मतलब है कि अब ये राष्ट्रीय नही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखी जा रही हैं।9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल के दिन पूजा पार्क गायत्री मंदिर सीधी में स्ट्राइक सेंटर बनाया जाएगा जहा संयुक्त ट्रेड यूनियनों जैसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन, आशा,उषा यूनियन, सीमेंट यूनियन, मेडिकल रिप्रजेंटेटिव यूनियन व वैन मण्डल यूनियन द्वारा दोपहर 11−30 बजे से आम सभा आहूत की जावेंगी।उसके बाद वहां से रैली लेकर कलेक्ट्रेड पहुँच कर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। आज के मशाल जुलूस की अगुआई मझिगवा इकाई के अध्यक्ष तेज प्रताप दुबे ने की। मसाल जुलूस में इकाई के कार्यवाहक अध्यक्ष अरविंद सिंह बघेल, महासचिव विक्रम सिंह, विभूतिभूषण शर्मा, संजीव कुमार मिश्रा ,दीप नारायण तिवारी, संपत्ति सोंधिया, रूद्र प्रसाद शुक्ला, बृजेश सिंह, नागेंद्र यादव, राजेश त्रिपाठी, ऋषि राज सिंह, उमाकांत तिवारी ,मनोज मिश्रा, नितेश मिश्रा सहित कारखाना के सैकड़ो साथी शामिल रहे।

## बीएलओ का प्रशिक्षण 15 एवं 16 जुलाई को

### नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**विजय मत, उमरिया**

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र के निर्देशानुसार बूथ लेबल आफिसर्स के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत जिला, विधानसभा क्षेत्र स्तर पर बीएलओ का प्रशिक्षण विधानसभा क्षेत्र 90 मानपुर के समस्त बीएलओ का प्रशिक्षण 15 जुलाई को तथा 89 बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के समस्त बीएलओ का प्रशिक्षण 16 जुलाई को प्रातः 11 बजे से सायं 6 बजे तक शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय में आयोजित किया गया है ।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनर्स, तकनीकी अधिकारी, कर्मचारी, भृत्य की ड्युटी कक्षवार लगाई है। उन्होने कहा कि समस्त मास्टर ट्रेनर्स अपने अपने कक्षवार बीएलओ को प्रशिक्षण देगे । श्री सुशील मिश्रा व्याख्याता डाइट उमरिया प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी तथा संजय पांडेय मंडल संयोजन जन जातीय कार्य विभाग सहायक नोडल अधिकारी होगे तथा निर्धारित दिनांक तथा समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित कराना सुनिश्चित करेंगे ।

उन्होने कहा है कि समस्त मास्टर ट्रेनर्स , तकनीकी, अधिकारी, कर्मचारी,भृत्य निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने निर्धारित प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित रहना सुनिश्चित करें तथा तकनीकी अधिकारी, कर्मचारी 14 जुलाई को अपरान्ह 4 बजे संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से संपर्क कर प्रोजेक्टर प्राप्त कर अपने निर्धारित कक्ष में अनिवार्यतः इंस्टॉल कर नोडल अधिकारी को ओके रिपोर्ट अपने मास्टर ट्रेनर को देना सुनिश्चित करें । मास्टर ट्रेनर इसकी जानकारी नोडल अधिकारी को देंगे जिससे ट्रेनिंग समय सीमा में प्रारंभ हो सके।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, भवन / सड़क संभाग शहडोल (म.प्र.)

निविदा सूचना 04/एस0ए0सी0 निविदा/ वर्ष 2025-26/ शहडोल, दिनांक 07/07/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | निविदा आमंत्रण | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (लाख में) | ई. एम.डी. की राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB_435375_1 | शहडोल | प्रथम | उपसंभाग शहडोल के अन्तर्गत कार्टिंग एवं मटेरियल सप्लाई का कार्य (मैक्स फाल्ट, मेटल, मुरूम, फ्यूल, वुड एवं अन्य सामग्री)। | 10.99 | 21980/- | 2000/- | 31.03.2026 तक |
| 2 | 2025_PWDRB_435423_1 | शहडोल | प्रथम | उपसंभाग शहडोल के अन्तर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में वाटर प्रूफिंग ट्रीटमेन्ट का कार्य। | 15.00 | 30000/- | 2000/- | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | 2025_PWDRB_435436_1 | शहडोल | प्रथम | उपसंभाग ब्यौहारी के अन्तर्गत जयसिंहनगर सेक्शन के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में वाटर प्रूफिंग ट्रीटमेन्ट का कार्य। | 9.79 | 19580/- | 2000/- | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | 2025_PWDRB_435438_1 | शहडोल | प्रथम | उपसंभाग ब्यौहारी के अन्तर्गत ब्यौहारी सेक्शन के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में वाटर प्रूफिंग ट्रीटमेन्ट का कार्य। | 9.79 | 19580/- | 2000/- | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | 2025_PWDRB_435442_1 | शहडोल | प्रथम | उपसंभाग शहडोल के अन्तर्गत रेस्ट हाउस सेक्शन के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं एमओडब्ल्यू का कार्य। | 10.02 | 20040/- | 2000/- | 31.03.2026 तक |
| 6 | 2025_PWDRB_435455_1 | शहडोल | प्रथम | उपसंभाग शहडोल के अन्तर्गत बुढ़ार सेक्शन के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत, विशेष विशेष मरम्मत एवं एमओडब्ल्यू का कार्य। | 10.02 | 20040/- | 2000/- | 31.03.2026 तक |
| 7 | 2025_PWDRB_435470_1 | शहडोल | प्रथम | उपसंभाग शहडोल के अन्तर्गत जैतपुर सेक्शन के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत एमओडब्ल्यू का कार्य। | 10.02 | 20040/- | 2000/- | 31.03.2026 तक |
| 8 | 2025_PWDRB_435498_1 | शहडोल | प्रथम | उपसंभाग शहडोल के अन्तर्गत सर्किट हाउस सेक्शन के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं एमओडब्ल्यू का कार्य। | 10.02 | 20040/- | 2000/- | 31.03.2026 तक |
| 9 | 2025_PWDRB_435512_1 | शहडोल | प्रथम | उपसंभाग शहडोल के अन्तर्गत पाण्डवनगर सेक्शन के आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं एमओडब्ल्यू का कार्य। | 10.02 | 20040/- | 2000/- | 31.03.2026 तक |

ऑनलाईन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र कय करने का समय दिनांक 07.07.2025 सुबह 10:30 से अन्तिम दिनांक 18.07.2025 शाम 17:30 तक एवं निविदा डाउनलोड करने का समय दिनांक 07.07.2025 सुबह 10:30 से अन्तिम दिनांक 18.07.2025 शाम 17:30 तक है।

टीप :- निविदाकारों का लोक निर्माण विभाग (भ/स) में पंजीयन अनिवार्य है।
निविदाकारों का पैन कार्ड आधार कार्ड से लिंक होना अनिवार्य है।
मूल शपथ पत्र निविदा खुलने की दिनांक के पूर्व कार्यालय मे प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

G15337/25

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
शहडोल संभाग शहडोल (म0प्र0)

## न्यूज इन शॉर्ट

### विधानसभावार बी.एल.ओ. को दिया जाएगा प्रशिक्षण

शहडोल। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शहडोल जिले के ब्यौहारी, जयसिंहनगर एवं जैतपुर विधानसभावार 10 जुलाई से 16 जुलाई 2025 तक बी. एल. ओ. एवं बी. एल. ओ. सुपरवाइजरो को प्रशिक्षण दिया जाएगा। निर्वाचन सुपरवाइजर शहडोल श्री संजय खरे ने जानकारी दी है कि ब्यौहारी विधानसभा हेतु 10 जुलाई से 14 जुलाई तक, जैतपुर विधानसभा हेतु 14 से 16 जुलाई तक एवं जैतपुर विधानसभा हेतु 10 जुलाई से 12 जुलाई तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 966 बी. एल. ओ. एवं 88 बी. एल. ओ. सुपरवाइजरो को जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में मतदाता सूची पुनरीक्षण, बीएलओ एप एवं समय-समय पर आयोग द्वारा जारी निर्देशों के संबंध में प्रशिक्षणर्थियों को अवगत कराया जाएगा।

### जिले में 08 जुलाई को 1.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

शहडोल। अधीक्षक भू-अभिलेख शहडोल ने जानकारी दी है की जिले में 08 जुलाई को जिले में कुल 1.7 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 0 मिमी., बुढ़ार में 0 मिमी., गोहपारू में 0 मि.मी., जैतपुर में 0 मिमी, चन्नौड़ी में 0 मिमी., ब्यौहारी में 12 मिमी, जयसिंहनगर में 0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 01 जून 2025 से अब तक वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 421 मिमी., बुढ़ार में 254 मिमी., गोहपारू में 455 मि.मी., जैतपुर में 524 मिमी, चन्नौड़ी में 535 मिमी., ब्यौहारी में 319 मिमी, जयसिंहनगर में 260 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस प्रकार जिले में अब तक औसत वर्षा 395.4 मिमी. दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 188.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

### जवाहर नवोदय विद्यालय मऊ, ब्यौहारी में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 29 जुलाई तक

शहडोल। प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय मऊ, ब्योहारी उमा पी राउत ने जानकारी दी है कि जवाहर नवोदय विद्यालय मऊ में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरे जा रहे हैं। जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी इस वेबसाईट पर जाकर अपना आवेदन भर सकते है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। सत्र 2025-26 में शहडोल जिले में निवासरत एवं जिले में स्थित विद्यालयों में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत् छात्र/छात्रायें इसके लिए पात्र हैं। आवेदन पत्र भरने हेतु पात्रता एवं निर्देश संबंधी अधिक जानकारी वेबसाईट पर उपलब्ध है, साथ ही हेल्पडेस्क नं. 8085257727 एवं 8770285208 पर संपर्क कर सकते हैं।

### बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व में बफर में पर्यटन को मिलेगी नई उड़ान

उमरिया। बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व के वन परिक्षेत्र मानपुर बफर अंतर्गत जोहिला पर्यटन जोन में पर्यटन के एक नए युग की शुरुआत हुई। ज्वालामुखी गेट नामक नवीन प्रवेश द्वार का विधिवत उद्घाटन बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व (बीटीआर) के क्षेत्र संचालक डॉ अनुपम सहाय एवं उप संचालक पीके वर्मा ने शुक्रवार को हरी झंडी दिखाकर किया।इस अवसर पर बीटीआर के समस्त अनुविभागीय वन अधिकारी, रेंज ऑफिसर एवं अन्य वन कर्मचारी उपस्थित रहे। उद्घाटन के उपरांत सभी अधिकारियों ने जिप्सी से सफारी कर क्षेत्र की नैसर्गिक विविधता और जैविक संपदा का अवलोकन किया। ज्वालामुखी गेट से प्रारंभ होने वाला यह ज़ोहिला पर्यटन जोन का मार्ग लगभग 30 किलोमीटर लंबा है, जिसमें पाँच विशिष्ट रूट विकसित किए गए हैं। इन रूटों में क्षेत्र की विभिन्न वन्य-आवासीय संरचनाओं को सम्मिलित किया गया है, जिससे पर्यटक विविध पारिस्थितिक तंत्र और जंगल के कई अनछुए पहलुओं का अनुभव कर सकेंगे।यह मार्ग सिर्फ रोमांच तक सीमित नहीं है बल्कि प्र.ति, इतिहास और संस्.ति का संगम स्थल भी है। पर्यटकों को यहाँ वन्यजीवों के साथ-साथ दुर्लभ वनस्पतियों, और क्षेत्र के प्रतिष्ठित ऐतिहासिक स्थल ज्वालामुखी के भी दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा, जो इस गेट को एक विशिष्ट पहचान प्रदान करता है।ज्वालामुखी गेट की यह पहल जहां एक ओर पर्यटन को नई ऊर्जा प्रदान करेगी, वहीं दूसरी ओर स्थानीय समुदायों के लिए स्वरोज़गार और आय के नए द्वार भी खोलेगी। क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को गति मिलने के साथ ही यह प्रयास सतत और समावेशी विकास की दिशा में एक ठोस कदम सिद्ध होगा।बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व में नया प्रवेश द्वार ज्वालामुखी गेट से ज़ोहिला बफ़र जोन की एंट्री होगी। इस गेट से पर्यटक वाहन 30 किमी लंबे नए रास्ते पर भ्रमण कर सकेंगे तथा इस जोन में 5 अलग-अलग रूट बनाए गए है, सभी रूटों को मिला कर लगभग 30 किमी पर अवलोकन का अवसर उपलब्ध कराया गया है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहनगर बना रेफरल केंद्र

## चिकित्सकों की कमी और संसाधनों के अभाव में मरीज हो रहे परेशान




**विजय मत, शहडोल।**

जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहनगर आज बदहाली का प्रतीक बन चुका है। चिकित्सकों की भारी कमी और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के चलते 50 बिस्तरों वाला यह अस्पताल अब केवल रेफरल केंद्र बनकर रह गया है। आसपास के गांवों और कस्बों से इलाज की उम्मीद लेकर यहां आने वाले मरीजों को निराशा ही हाथ लग रही है। अक्सर उन्हें या तो जिला अस्पताल की ओर रुख करना पड़ता है या फिर महंगे निजी चिकित्सालयों में इलाज कराना पड़ता है।

### डॉ. राजेश तिवारी का तबादला बना संकट का कारण

स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल स्थिति तब और गंभीर हो गई जब यहां पदस्थ वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजेश तिवारी का हाल ही में स्थानांतरण कर दिया गया। डॉ. तिवारी लंबे समय से यहां सेवाएं दे रहे थे और क्षेत्र के लोगों का उन पर विश्वास था। उनके स्थानांतरण के बाद चिकित्सा व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। अब स्थिति यह है कि प्राथमिक उपचार के बाद अधिकतर मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है।

### स्वास्थ्य समिति के सभापति ने जताई चिंता

जनपद पंचायत जयसिंहनगर की महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य समिति के सभापति अधिवक्ता राजेश मिश्रा ने अस्पताल की उपेक्षा पर गहरी चिंता जताई है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अस्पतालों के संचालन का उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है, लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहनगर में इसका लाभ आमजन को नहीं मिल पा रहा है। मरीज दर-ब-दर भटकने को मजबूर हैं।

### तुरंत कदम उठाने की आवश्यकता

जयसिंहनगर का यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ है। यदि समय रहते इसकी दशा नहीं सुधारी गई, तो इसका सीधा असर हजारों लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ेगा। शासन-प्रशासन को इस दिशा में तुरंत कदम उठाने की आवश्यकता है।

### जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से की गई मांग

क्षेत्रीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि अस्पताल में रिक्त चिकित्सकों के पदों को शीघ्र भरा जाए तथा आवश्यक दवाइयों और उपकरणों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही, महिला एवं बाल स्वास्थ्य सेवाओं को भी मजबूत किया जाए ताकि ग्रामीण अंचल की जनता को समय पर उपचार मिल सके।

# विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस पर आयोजित हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह



**विजय मत, शहडोल।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर दिनांक 09 जुलाई को एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह एंव नगर कार्यकारिणी घोषणा का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने, उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन का सम्मान करने एवं उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की वंदना, दीप प्रज्वलन तथा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई।

समारोह में मंच पर उपस्थित मुख्यतिथि जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पंडित शंभुनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर राम शंकर विशेष उपस्थिति प्रान्त सह मंत्री मोहित डहेरिया विभाग संगठन मंत्री सावन सिंह नगर अध्यक्ष डॉ सौरभ शिवा विभाग छात्रा प्रमुख सुश्री अंजलि पांडेय जी नगर मंत्री अमन त्रिपाठी उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि श्रीमती मनीषा सिंह ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधनों से छात्रों को शिक्षा, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक किया।वहीं विशिष्ट अतिथि कुलगुरु प्रो राम शंकर ने छात्रों को अपने उत्तरदायित्व के साथ साथ समाज व राष्ट्र के प्रति समर्पित हो तथा जो हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा रही है उसको आत्मसात करने की आवश्यकता है।

### नगर कार्यकारिणी की घोषणा

विशेष उपस्थिति प्रान्त सह मंत्री मोहित डेहरिया ने विद्यार्थी परिषद की 77 वर्षो की यात्रा पर प्रकाश डाला और कहा वह संकल्प जो 77 वर्ष पूर्ण कर रहा है। संकल्प है राष्ट्र पुनर्निर्माण का वह संकल्प भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने का और वह संकल्प है भारत के तिरंगे को विश्व गगन में लहराने का समारोह में नगर के विभिन्न विद्यालयों के दो सौ से अधिक बोर्ड परीक्षाओं,एंव अन्य शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विभाग संगठन मंत्री सावन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि छात्रों की प्रतिभा ही राष्ट्र की पूंजी है। विद्यार्थी परिषद द्वारा इस प्रकार का आयोजन निश्चित ही छात्र समाज को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करता है।

मंच का संचालन कर रहे प्रान्त कार्यकारणी सदस्य शिवम वर्मा इसके पश्चात नगर कार्यकारणी की घोषणा की गई जिसमें नगर अध्यक्ष एंव नगर मंत्री का निर्वाचन किया गया जिसमें निर्वाचन अधिकारी डॉ राधेश्याम नापित जी ने सत्र 2025-26 की नगर कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमे नगर अध्यक्ष डॉ सौरभ शिवा जी नगर मंत्री अमन त्रिपाठी को बनाया गया इसी क्रम में अन्य दायित्वों की घोषणा हुई जिसमें नगर उपाध्यक्ष डॉ सिद्धार्थ मिश्र,डॉ लोकेश साहू,हेमंत पाठक नगर सह मंत्री कोमल द्विवेदी गजराज सिंह,प्रियांशु त्रिपाठी,यश वैद्य,प्रभास तिवारी कार्यालय मंत्री रवि परस्ते एस एफ डी प्रमुख भूमिका द्विवेदी, अभिराज सिंह एस एफ एस प्रमुख गौरव मिश्रा,शुभम त्रिपाठी राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख रोशनी पांडेय,दिव्या शुक्ला खेलो भारत प्रमुख शुभ सोनी,शिवकांत गौतम नगर तकनीकी प्रमुख शुयस जायसवाल,अभिषेक द्विवेदी नगर विद्यालयीन प्रमुख शुर्यांश मिश्र,प्रासी तिवारी एन सी सी प्रमुख प्रिया सिंह एन एस एस प्रमुख हर्ष वर्मा जी को बनाया गया।

# कीचड़ में तब्दील सड़कें बनीं नागरिकों की मुसीबत

## नगर पालिका की लापरवाही का बड़ा उदाहरण



**विजय मत, शहडोल।**

विगत दिनों शहडोल में हुई बारिश के कारण सड़कों पर फैली गंदगी, आवागमन हुआ दूभर नगर पालिका की लापरवाही इन दिनों शहरवासियों पर भारी पड़ रही है। शहर के कई प्रमुख मार्गों की हालत बद से बदतर हो चुकी है। सड़कें कीचड़ से लथपथ हैं और थोड़ी सी बारिश के बाद हालात और भी भयावह हो जाते हैं। रेलवे स्टेशन पहुंच मार्ग, डॉक्टर कॉलोनी, सब्जी मंडी, पांडवनगर बस्ती, वार्ड क्रमांक 29 और पुलिस लाइन पहुंच मार्ग जैसी प्रमुख सड़कें कीचड़ और जलभराव की चपेट में हैं।

### छींटों से परेशान लोग, दोपहिया वाहन चालकों की बड़ी समस्या

इन सड़कों से दोपहिया वाहनों से निकलना किसी चुनौती से कम नहीं है। जैसे ही कोई चार पहिया वाहन पास से गुजरता है, गंदे पानी की छींटें सीधे राहगीरों और बाइक चालकों पर पड़ती हैं। लोग जरूरी काम से घर से बाहर निकलते हैं, लेकिन लौटते समय उन्हें अपने गंदे कपड़े बदलने पड़ते हैं। कई बार दफ्तर या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचने से पहले ही कपड़े गंदे हो जाते हैं, जिससे असहज स्थिति पैदा होती है।

### शिकायतों के बाद भी नगर पालिका बेपरवाह

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को कई बार अवगत कराया है। मगर हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला है, समाधान आज तक नहीं हुआ। लोगों का कहना है कि नगर पालिका के पास न तो समय है और न ही संवेदनशीलता, जिससे शहर की सड़कों की मरम्मत या साफ-सफाई कराई जा सके।

### व्यवसाय पर भी पड़ा असर

शहर के जिन क्षेत्रों में ये सड़कें आती हैं, वे प्रमुख बाजार और आवासीय क्षेत्र हैं। कीचड़ और गंदगी के कारण दुकानदारों को भी ग्राहकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है। लोग जरूरी न होने तक उन बाजारों में जाने से कतराते हैं। इससे स्थानीय व्यवसायियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### जल्द सुधार की मांग

शहरवासियों ने जिला प्रशासन और नगरपालिका से मांग की है कि इन सड़कों की तत्काल मरम्मत कराई जाए, जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त की जाए और नियमित सफाई की जाए।

# मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के माध्यम से आम जनों को मुहैया हो रही स्वास्थ्य सेवाएं



**विजय मत, उमरिया।**

मध्यप्रदेश शासन व्दारा मूलभूत स्वास्थ्य सेवाएं घर के नजदीक उपलब्ध करवाने के लिए शुरू किए गए मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक बहुत उपयोग सिध्द हो रहे है। संजीवनी क्लीनिक के खुलने से आम जनों को तत्काल उपलब्ध हो पा रहा है, जहां पर सभी प्रकार की दवाईयां उपलब्ध रहती है, जो मरीजो के स्वास्थ्य का परीक्षण करने के उपरांत निशुल्क प्रदाय की जाती है।

जिला मुख्यालय के चंदवार निवासी अब्दुलहई ने बताया कि पहले बीपी, शुगर या अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए जिला अस्पताल उमरिया आना पड़ता था, जहां पर लंबी लाइनों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब सिंगलटोला उमरिया में संजीवनी क्लीनिक का संचालन होने की वजह से यहीं पर बीपी शुगर की जांच करा रहे है। संजीवनी क्लीनिक में उपस्थित डाक्टर तथा स्टाफ भी निर्धारित समय तक उपस्थित रहते है, और क्लीनिक तक आने वाले मरीजों का समुचित उपचार करते है। आरसेटी के निदेशक डा तरूण सिंह ने बताया कि सिंगलटोला स्थित संजीवनी क्लीनिक यहां के निवासियों के लिए किसी वरदान से कम नही है। आरसेटी में विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण युवाओ, महिलाओं को प्रदाय किया जाता है, उनका भी स्वास्थ्य परीक्षण इसी क्लीनिक में होता है। यहां पर समस्त सुविधा मुहैया हो जाती है। उन्होने कहा कि संजीवनी क्लीनिक के डॉक्टर अनिल गुप्ता के द्वारा हितग्राहियों को स्टाफ नरेंद्र के साथ मिलकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है।

# गुरु, शिक्षा के साथ व्यक्तित्व का निर्माण करते है, जीवन में दीपक के समान होते हैं गुरु

## शिक्षको ने विद्यार्थियों को बताया गुरू पूर्णिमा का महत्व



**विजय मत, शहडोल।**

गुरू पूर्णिमा उत्सव के प्रथम दिवस के अवसर पर शहडोल जिले के विद्यालयों में प्रार्थना सभा के बाद गुरू पूर्णिमा के महत्व और पारंपरिक गुरू-शिष्य संस्कृति के बारे में, प्राचीन काल में प्रचलित गुरूकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति में प्रभाव पर निबंध प्रतियोगिता जैसे अन्य गतिविधिया आयोजित की गई।

गुरू पूर्णिमा उत्सव के प्रथम दिवस के अवसर पर संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य शासकीय लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीमती साधना जैन ने गुरू पूर्णिमा का महत्व बताते हुए कहा कि यह पर्व महर्षि वेदव्यास की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है, जिन्होंने वेदों का संकलन एवं महाभारत की रचना की। गुरु का कार्य केवल पाठ पढ़ाना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का निर्माण करना भी है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शिक्षिका श्रीमती अरूणिमा सिंह ने गुरु पूर्णिमा का महत्व बताते हुए कहा कि गुरु हमारे जीवन में मार्गदर्शन करने वाले दीपक के समान होते हैं, जो अज्ञानता रूपी अंधकार को दूर करके ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। इस दिन महर्षि वेदव्यास के जन्म को भी स्मरण किया जाता है। गुरु हमें जीवन के हर मोड़ पर सही निर्णय लेने की समझ देते हैं और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना सिखाते हैं।

इस अवसर पर श्रीमती सुनीता दादोरिया, श्री महेंद्र सिंह बेस,छाया प्रधान, राजेश श्रीवास्तव लाल जी तिवारी एवं विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। गुरू पूर्णिमा उत्सव के प्रथम दिवस के अवसर पर शहडोल जिले के पी.एम. श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारी, शासकीय हाई स्कूल महदेवा, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारी में निबंध प्रतियोगिता, गुरू पूर्णिमा का महत्व शिक्षकों द्वारा बताया गया। इस अवसर पर संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक, छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

**कार्यक्रम**

## पं. शंभूनाथ विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग द्वारा विदाई समारोह का आयोजन

# सहयोग की भावना जीवन में होती है सर्वोपरि: श्रीमती नीलिमा खरे

**विजय मत, शहडोल।**

पं. शंभूनाथ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष श्रीमती नीलिमा खरे ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि श्रीमती खरे ने कहा कि सहयोग की भावना जीवन में सर्वोपरि होती है। यदि हम एक-दूसरे का सहयोग करते हुए कार्य करें, तो किसी भी लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यही सफलता की नींव रखता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा विश्वास व्यक्त किया कि वे समाज में अपने कार्यों एवं आचरण से विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे।



कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. सिद्धार्थ मिश्र ने विद्यार्थियों को जीवन मूल्यों की ओर प्रेरित करते हुए कहा आज आप विश्वविद्यालय से विदा ले रहे हैं, किंतु जीवन की वास्तविक यात्रा अब प्रारंभ होती है। अपने कर्तव्यों का निर्वहन सदैव नम्रता, संवेदनशीलता एवं मानवता की भावना से करें, तभी आपका जीवन सार्थक हो सकेगा।

प्राध्यापक डॉ. जितेंद्र सेन ने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण का माध्यम है। आप जहां भी जाएं, अपनी पहचान ईमानदारी और सेवा-भाव से बनाएं। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. राकेश मिश्र, डॉ. सिद्धश्री सिंह एवं श्री श्रीकांत चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

विदाई समारोह के दौरान विद्यार्थियों मानस मिश्रा, प्रियंका कोरी, राहुल लहरे, चांदनी केवट, दिव्या सिंह, मानसी तिवारी, जिज्ञासा सिंह एवं कालेश्वरी सिंह सहित अन्य छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए तथा विभागाध्यक्ष एवं समस्त प्राध्यापकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग के समस्त प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। समारोह का आयोजन भावनात्मक एवं प्रेरणास्पद वातावरण में संपन्न हुआ।

# तोरण द्वार और प्रतीक्षालयों को मिली प्राथमिकता, ग्रामीण मूलभूत सुविधाएं अब भी उपेक्षित

**विजय मत, शहडोल।**




अंचल के तीनों विधानसभा क्षेत्रों ब्यौहारी, जयसिंहनगर और जैतपुर में विधायक निधि से विकास कार्यों को गति देने की कवायद तो हुई है, लेकिन इसमें ग्रामीणों की प्राथमिक जरूरतें जैसे पीने का पानी, बिजली और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं कहीं पीछे छूट गई हैं। वर्ष 2024-25 में मिली विधायक निधि का बड़ा हिस्सा प्रतीक्षालयों और तोरण द्वारों के निर्माण में खर्च कर दिया गया है।

ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र में 2.50 करोड़ रुपये की विधायक निधि से कुल 87 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 55 तोरण द्वारों और 30 यात्री प्रतीक्षालयों के निर्माण को मंजूरी दी गई है। इन निर्माण कार्यों को सांस्कृतिक और सार्वजनिक सुविधा के रूप में प्रचारित किया जा रहा है, किंतु यह क्षेत्र अभी भी पानी, सड़क और बिजली जैसी जरूरतों से जूझ रहा है।

जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत 64 कार्यों में 35 तोरण द्वार और 7 प्रतीक्षालय शामिल हैं। यहां भी 2.50 करोड़ की राशि इसी दिशा में खर्च की जा रही है। जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि गांवों में न तो नियमित बिजली आपूर्ति हो रही है और न ही साफ पानी की व्यवस्था है। सड़कों की हालत भी कई स्थानों पर बेहद खराब है।

जैतपुर क्षेत्र में 64 कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें 14 सांस्कृतिक मंचों और 11 पुलिस भवनों का निर्माण शामिल है। प्रशासन इसे सांस्कृतिक और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर करने का प्रयास बता रहा है। हालांकि यहां भी मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी साफ देखी जा सकती है।

ग्रामीण अंचलों में विकास कार्यों की दिशा को लेकर जनता में नाराज़गी बनी हुई है। पिछले विधानसभा चुनावों में ग्रामीणों ने पानी, सड़क और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर कई स्थानों पर मतदान का बहिष्कार भी किया था। इसके बावजूद जनप्रतिनिधियों ने इन समस्याओं पर कोई ठोस पहल नहीं की।

**संस्थापक**
**श्री रामसिपाही शुक्ल**

# गुरु है संकल्प, गुरु है साधना, गुरु है मोक्ष का माध्यम

**योगेश कुमार गोयल**

गुरु पूर्णिमा के दिन प्राचीन काल से ही गुरु की पूजा करने का चलन है , जो इस वर्ष 10 जुलाई को मनाई जा रही है। दरअसल प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। गुरु पूर्णिमा का संबंध महाभारत के रचयिता महर्षि श्रीकृष्ण द्वैपायन से जुड़ा है, जिनका जन्म इसी दिन हुआ माना जाता है। संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान महर्षि द्वैपायन ने ही सनातन धर्म के चारों वेदों की रचना की थी, इसीलिए उन्हें महर्षि वेद व्यास के नाम से जाना गया। वैसे तो गुरु पूर्णिमा का पर्व शास्त्रों में गुरुओं को समर्पित है लेकिन सही मायनों में यह आदिगुरु वेद व्यास के सम्मान में ही मनाया जाता है और इसीलिए इसे 'व्यास पूर्णिमा' भी कहा जाता है। महर्षि वेद व्यास ने एक लाख श्लोक वाला महाभारत, 18 पुराण और ब्रह्मा-सूत्र की रचना के साथ एक वेद को चार वेदों में विस्तारित कर समस्त संसार को ज्ञान से प्रकाशित किया था, इसीलिए उन्हें आदि-गुरु का दर्जा प्राप्त है। हिन्दू धर्म में तो गुरु को ईश्वर से भी बढ़कर माना गया है और गुरु की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा भी गया है कि गुरु ही ब्रह्मा है, गुरु ही विष्णु है, गुरु ही शंकर है, गुरु ही साक्षात् परब्रह्म है, ऐसे सद्गुरु को प्रणाम।


गुरु पूर्णिमा पर विशेष

गुरु को 'गुरु' इसीलिए कहा जाता है क्योंकि वह अज्ञान रूपी अंधकार को हटाकर जीवन को ज्ञान रूपी प्रकाश से आलोकित करता है। ज्ञान की रोशनी सभी प्रकार के अंधकार को मिटा देती है, इसीलिए जीवन में गुरु का स्थान सबसे ऊंचा है। 'गुरु' में 'गु' शब्द का अर्थ है अंधकार (अज्ञान) और 'रु' का अर्थ है उसे मिटाने वाला और इस प्रकार गुरु का अर्थ हुआ अंधकार रूपी अज्ञान को मिटाने वाला। गुरु ही एकमात्र ऐसा व्यक्ति होता है, जो अंधकार को मिटाकर प्रकाश के उजाले से हमारी अंतरात्मा और मन को प्रकाशित कर सकता है। एक अच्छा गुरु जीवन में रोशनी लाने का कार्य करता है, जिससे जीवन प्रकाशमान हो जाता है। गुरु साधक के अज्ञान को मिटाता है, ताकि वह अपने भीतर सृष्टि के स्रोत का अनुभव कर सके। शास्त्रों में अज्ञान रूपी अंधकार को नष्ट करने वाला जो ब्रह्म रूप प्रकाश है, वही गुरु है अर्थात् अंधकार को हटाकर प्रकाश की ओर ले जाने वाले को ही 'गुरु' कहा जाता है। गुरु की महिमा का बखान करते हुए संत कबीरदास कहते हैं:-

**भली भई जो गुरु मिल्या, नहीं तर होती हाणि।**
**दीपक दिष्टि पतंग ज्यूं, पड़ता पूरी जाणि।**

कबीरदास के इस दोहे का अर्थ है कि अच्छा हुआ जो गुरु मिल गए, अन्यथा तो मेरी हानि ही होती। जैसे दीपक की अग्नि की ओर पतंगे आकृष्ट हो जाते हैं, वैसे ही मैं भी विषय वासनाओं और माया की और आकृष्ट हो जाता और परिणामस्वरूप अमूल्य जीवन को नष्ट कर देता। मनुस्मृति के अनुसार ऐसे व्यक्ति को ही गुरु बनाना चाहिए, जो क्षमा, दया, तपस्या, पवित्रता, यम, नियम, दान, सत्य, विद्या, संतोष इत्यादि दस गुणों से सम्पन्न हो। गुरु की कृपा से ही विद्यार्थियों को विद्या की प्राप्ति होती है और उनके अंदर का अज्ञान तथा अंधकार दूर होता है। गुरु कृपा से ही विश्व के समस्त सुखों, ऐश्वर्य और स्वर्ग की सम्पदा प्राप्त हो सकती है, जो बड़े-बड़े योगियों को भी नसीब नहीं होती। गुरु तथा देवता में समानता के बारे में कहा गया है कि देवताओं के लिए जैसी भक्ति की आवश्यकता है, वैसी ही गुरु के लिए भी है। अच्छे गुरु की कृपा से ईश्वर का साक्षात्कार भी संभव है लेकिन गुरु की कृपा के अभाव में कुछ भी संभव नहीं। वैसे तो गुरु को सभी धर्मों में विशेष महत्व दिया जाता रहा है लेकिन एक अच्छे गुरु का स्थान हिन्दू धर्म में भगवान से भी बढ़कर है।

**गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागु पांव,**
**बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए।**

शास्त्रों में कहा गया है कि गुरु के बिना ज्ञान प्राप्त करना कठिन है और अगर शिष्य को अपने गुरु पर पूर्ण विश्वास हो तो उसका बुरा स्वयं गुरु भी नहीं कर सकते। गुरु पूर्णिमा को बौद्ध धर्म के अनुयायी गौतम बुद्ध द्वारा सारनाथ में दिए गए पहले उपदेश के सम्मान में मनाते हैं। सिख धर्म में केवल एक ईश्वर और अपने सभी दसों गुरुओं की वाणी को ही जीवन के वास्तविक सत्य के रूप में मानते है। जैन धर्म के अनुसार इस दिन को चौमासा अर्थात चार महीने के बारिश के मौसम की शुरुआत के रूप में तथा त्रीनोक गुहा पूर्णिमा के रूप में माना जाता है। गुरु पूर्णिमा का पर्व वास्तव में मानव जीवन में गुरु के विशिष्ट स्थान को दर्शाता है। एक दोहे में गुरु की महिमा के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा गया है-

**गुरु को पारस जानिए, करे लौह को स्वर्ण।**
**शिष्य और गुरु जगत में, केवल दो ही वर्ण।**

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

> "गुरु को 'गुरु' इसीलिए कहा जाता है क्योंकि वह अज्ञान रूपी अंधकार को हटाकर जीवन को ज्ञान रूपी प्रकाश से आलोकित करता है। ज्ञान की रोशनी सभी प्रकार के अंधकार को मिटा देती है, इसीलिए जीवन में गुरु का स्थान सबसे ऊंचा है। 'गुरु' में 'गु' शब्द का अर्थ है अंधकार (अज्ञान) और 'रु' का अर्थ है उसे मिटाने वाला और इस प्रकार गुरु का अर्थ हुआ अंधकार रूपी अज्ञान को मिटाने वाला। गुरु ही एकमात्र ऐसा व्यक्ति होता है, जो अंधकार को मिटाकर प्रकाश के उजाले से हमारी अंतरात्मा और मन को प्रकाशित कर सकता है। एक अच्छा गुरु जीवन में रोशनी लाने का कार्य करता है, जिससे जीवन प्रकाशमान हो जाता है।"

# जीवन को सार्थक बनाते हैं गुरू

गुरु बिन ज्ञान न उपजै गुरु बिन मिलै न मोक्ष, गुरु बिन लखै न सत्य को गुरु बिन मिटै न दोष। अर्थात गुरु के बिना ज्ञान नहीं आता और न ही मोक्ष मिल सकता है। गुरु के बिना सत्य की प्राप्ति नहीं होती और ना ही दोष मिट पाते हैं। यानी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को संवारने के लिए गुरू का होना बहुत ही आवश्यक है। भारतीय संस्कृति को धारण करने वाला व्यक्ति प्रेरणापुंज की तरह ही होता है। उनके प्रत्येक शब्द सकारात्मक दिशा का बोध कराने वाला होता है। हम प्रायः सुनते हैं कि हमारा देश विश्व गुरु रहा है, विश्व गुरु यानी सम्पूर्ण क्षेत्रों में विश्व का मार्ग दर्शन करने वाला, लेकिन क्या हमने सोचा है कि भारत का वह कौन सा गुण था, जिसके कारण विश्व के अंदर भारतीय प्रतिभा और क्षमता का बोलबाला था। इसका उत्तर आज भले ही कोई नहीं जानता हो, लेकिन यथार्थ यही है कि इसके पीछे मात्र भारतीय गुरुकुल ही थे। भारतीय संस्कृति में गुरुकुल शिक्षा प्रणाली एक ऐसी प्रणाली है, जिसमें बालक के सम्पूर्ण विकास की अवधारणा और संरचना होती है। उस समय के हिसाब से गुरुकुलों में विश्व की सबसे श्रेष्ठ शिक्षा दी जाती थी। छात्रों का समग्र विकास किया जाता था। चाहे वह ज्ञान, विज्ञान का क्षेत्र हो या शारीरिक शिक्षा की बात हो या फिर नैतिक और व्यावहारिक संस्कारों की ही बात हो। गुरुकुल की शिक्षा बहुमुखी प्रतिभा का विकास करती थी। आज देश में कई गुरुकुल चल रहे हैं, उसमें बहुत आश्चर्यजनक प्रतिभा संपन्न बालकों का निर्माण भी हो रहा है। पिछले समय गूगल बॉय के रुप में चर्चित होने वाला बालक इन्हीं गुरुकुलों की देन है। गुजरात के कर्णावती में हेमचंद्राचार्य गुरुकुल में ऐसे नन्हे प्रतिभाशाली छात्रों को देखकर विदेशी भी चकित हैं। हमारे देश को वास्तव में गुरुकुल आधारित शिक्षा पद्धति की आवश्यकता है, क्योंकि यही भारत की वास्तविक शिक्षा है और इसी से छात्रों का समग्र विकास हो सकता है।

**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# राम भक्ति से राष्ट्र दीक्षा

**डॉ नूपुर निखिल देशकर**


भारत की सनातन परंपरा में गुरु-शिष्य परंपरा व्यक्तिगत ,आध्यात्मिक मार्गदर्शन के साथ राष्ट्रनिर्माण और सांस्कृतिक पुनरुत्थान का माध्यम भी है। ऐसे ही एक ऐतिहासिक प्रसंग की स्मृति हमें वाराणसी के अस्सीघाट पर ले जाती है।अस्सीघाट की पुण्य भूमि, काशी की वह वंद्य धरा, जहाँ श्रीगोस्वामी तुलसीदास जी ने मानस की रचना की और रामकथा का अमृतरस बरसाया, वह अपने अंतिम समय में एक अद्भुत राष्ट्रचेतना का दीप प्रज्वलित कर गए। यह वह क्षण था जब राम भक्ति ने राष्ट्र जागरण का बीज बोया।

कहा जाता है कि 30 जुलाई,1623 को 111 वर्ष की आयु के तुलसी बाबा अस्सी घाट की 80 सीढ़ियाँ उतरकर, गंगा जी में स्नान करके गंगाजल कलश में भरकर अपनी कुटिया तक लेकर आए और उन्होंने अपने शिष्यों से कहा –

**कोउ बालक आए मोरे द्वार,**
**आवत ही भीतर करिहौं संभार।**

एक बालक आएगा उसे कुटिया के अंदर भेज दीजिएगा।

कुटिया में जाकर गाय के गोबर से भूमि लीप कर वह बालक की प्रतीक्षा करते हुए राम नाम के जाप में तन्मय हो गये।



यह बालक कोई साधारण बालक न था, इसका नाम था नारायण सूर्याजीपंत कुलकर्णी । कहते हैं, नारायण अपने विवाह के समय सुलग्न लगाते समय लगने वाले सावधान के उद्घोष को सुनकर सावधान हो गये।विवाह की वेदी को त्यागकर वह सुदूर महाराष्ट्र से काशी तुलसी बाबा की कुटिया के द्वार पर पहुँचे। सेवकों ने उन्हें अन्दर प्रवेश करने का संकेत दिया । तुलसी बाबा ने जैसे ही उन्हें देखा, उनकी थकी हुई दृष्टि में अपार संतोष छलक उठा। नारायण ने तुलसी बाबा के चरणों में प्रणाम किया । बालक को देखकर बाबा बोल उठे

**राम बिनु हित नाहीं जग माहीं।**
**सोइ जपहु जासु जगत प्रभुताहीं॥**

गोस्वामी तुलसीदास जी ने अपने अंतिम समय उस तपस्वी, तेजस्वी साधक को रामनाम की दीक्षा दी । यह दीक्षा रामकार्य के लिए राष्ट्रशक्ति बनने हेतु प्रदान की गई थी , जिसका उद्देश्य था- भक्ति में शक्ति का सिंचन और शक्ति में भक्ति का अनुरंजन। तुलसीदास जी, जो रामभक्ति को केवल भाव नहीं, अपितु धर्म, न्याय और लोकमंगल की जीवनपद्धति मानते थे, उन्होंने इस तेजस्वी बालक को राम साधना के साथ राष्ट्र कर्तव्य का संकल्प भी सौंपा। यह दीक्षा एक युग परिवर्तन का संकेत बनी , जब भक्ति, शक्ति में रूपांतरित होती है और एक साधक, राष्ट्रचेतना का वाहक बनता है। बालक ने गुरु के वचनों को हृदय में आत्मसात कर लिया। तुलसी बाबा ने बालक की गोद में सिर रखकर, राम नाम स्मरण करते हुए अपनी देहलीला समाप्त की।

यह बालक रुपी साधक कोई और नहीं, मराठा स्वाभिमान के प्रणेता छत्रपति शिवाजी महाराज के गुरु – स्वामी समर्थ रामदास जी थे । जो आगे चलकर छत्रपति शिवाजी महाराज और महाराजा छत्रसाल जैसे राष्ट्रपुरुषों के प्रेरणास्रोत बने। स्वामी समर्थ रामदास जी ने इस गुरुकृपा को राष्ट्र जागरण का आधार बनाया। समर्थ रामदास जी के ओजस्वी वचनों में यह स्वर गुंजरित होता रहा –

**जय जय रघुवीर समर्था।**
**जय जय स्वराज्य अभिमत्था॥**

स्वामी समर्थ रामदास जी ने शिवाजी महाराज को अखंड हिंदवी साम्राज्य की स्थापना हेतु प्रेरित किया और पन्ना नरेश महाराजा छत्रसाल को भी राष्ट्र कार्य के लिए मार्गदर्शन दिया । महाराजा छत्रसाल (छत्ता) ने बुंदेलखंड में स्वतंत्र राज की नींव रखी। यह एक अनोखा प्रसंग है जहाँ एक ही गुरु-दीक्षा दो महान राष्ट्रनायकों के माध्यम से भारत भूमि में धर्माधारित शासन व्यवस्था का बीज बोती है। इस पावन परंपरा को महाराष्ट्र के शिवाजी महाराज और बुंदेलखंड के वीर महाराज छत्रसाल ने आत्मसात किया।

तुलसीदास जी की वाणी में रामभक्ति केवल आत्मकल्याण नहीं थी - वह परहित और राजधर्म का पर्याय थी। यही भावना समर्थ रामदास जी की लेखनी में भी गूंजती है -

**राम भक्तिं द्यावी मनासी 7 रामकार्य करावे हाती 77**
**(अर्थात - मन में रामभक्ति हो और हाथों में रामकार्य।)**

इस प्रकार अस्सीघाट पर हुआ यह अलौकिक दीक्षा प्रसंग संत परंपरा का क्रम नहीं था, यह राम भक्ति से राष्ट्र भक्ति तक की अमर श्रृंखला थी। तुलसी बाबा ने जैसे राम नाम का बीज समर्थ रामदास जी में रोपा, उन्होंने उसी बीज को मराठा स्वराज्य की फुलवारी में पल्लवित किया। छत्रसाल ने बुंदेलखंड में उसे समर्थ रामदास जी से मार्गदर्शन लेने के पश्चात् अपने कवित्तों के माध्यम से बुंदेलखंड में राष्ट्र और जन जागरण के मंत्र के रुप में फूंका –

**छत्रसाल कहि ज्यों बजि उठी धरती धीर वीर जू।**
**जिन थिर धरम, करम अरु धरम, सदा गढ़त रणधीर जू॥**

गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर यह प्रसंग हमें स्मरण कराता है, कि भारत की संत परंपरा ने दीक्षा के माध्यम से आत्मा का मार्ग दिखाया और राष्ट्र की चेतना को भी दिशा दी। अस्सीघाट पर हुई यह दीक्षा, वास्तव में भारतवर्ष के हिंदवी स्वराज्य की सांस्कृतिक जन्मभूमि बन गई ,जहाँ रामभक्ति से राष्ट्रदीक्षा की यात्रा प्रारंभ हुई। यह प्रसंग आज भी गूंजता है –

**राम भक्ति से राष्ट्र दीक्षा**

जहाँ ,तुलसी के शब्द, समर्थ के संकल्प और छत्रसाल के शौर्य की त्रिवेणी ने भारत भूमि को नव जीवन दिया।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

> "यह बालक कोई साधारण बालक न था, इसका नाम था नारायण सूर्याजीपंत कुलकर्णी । कहते हैं, नारायण अपने विवाह के समय सुलग्न लगाते समय लगने वाले सावधान के उद्घोष को सुनकर सावधान हो गये ।विवाह की वेदी को त्यागकर वह सुदूर महाराष्ट्र से काशी तुलसी बाबा की कुटिया के द्वार पर पहुँचे । सेवकों ने उन्हें अन्दर प्रवेश करने का संकेत दिया । तुलसी बाबा ने जैसे ही उन्हें देखा, उनकी थकी हुई दृष्टि में अपार संतोष छलक उठा। नारायण ने तुलसी बाबा के चरणों में प्रणाम किया ।"

# गुरु पूर्णिमा : श्रद्धा और संस्कारों का उत्सव

**डॉ. दीपक वर्मा**

भारतवर्ष में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वरः जैसी पंक्तियाँ यह दर्शाती हैं कि हमारे जीवन के हर पहलू को दिशा देने वाले गुरु केवल एक शिक्षक नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवनदर्शन के निर्माता होते हैं। गुरु पूर्णिमा का यह पावन पर्व केवल गुरु के प्रति कृतज्ञता का नहीं, बल्कि ज्ञान और संस्कार की परंपरा के सम्मान का भी प्रतीक है। कला के क्षेत्र में, विशेष रूप से भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक में, गुरु-शिष्य परंपरा एक मजबूत नींव है। कथक केवल ताल, लय और भावों का नृत्य नहीं, अपितु यह एक जीवन-दर्शन है जो गुरु के आशीर्वाद से ही संपूर्ण होता है। भारत में लखनऊ, जयपुर और बनारस घराना कथक के तीन प्रमुख घराने हैं, जो अपने-अपने विशिष्ट रंग, शैली और परंपरा के लिए प्रसिद्ध हैं। इन घरानों को विश्व पटल पर स्थापित करने में अनेक गुरुओं का योगदान रहा है। लखनऊ घराने के पुरोधा पंडित लच्छू महाराज जी ने कथक को फिल्मों और मंचों पर एक नई पहचान दी। वहीं उनके भतीजे पंडित बिरजू महाराज जी, कथक के पर्याय बन चुके हैं। उन्होंने कथक को अभिव्यक्ति का ऐसा माध्यम बनाया जो न केवल शास्त्रीय मंचों पर बल्कि जनमानस के हृदय में भी स्थान बना सका। जयपुर घराने की तेज और जटिल पखावज आधारित बोलों की परंपरा को पंडित दुर्गालाल जी ने एक ऊंचाई प्रदान की। उनकी नृत्य शैली में शक्ति, ऊर्जा और गंभीरता का अद्वितीय संगम देखने को मिलता है। बनारस घराने की भावप्रधान और सौम्य शैली को विश्वस्तर पर पहचान दिलाने में इन गुरुओं का विशेष योगदान रहा है। सुनयना हज़ारीलाल जी ने कथक को स्त्री-अभिव्यक्ति और नारीत्व के संदर्भ में सशक्त बनाया। मैं स्वयं मेरे गुरूजनों श्री विश्वजीत चक्रवर्ती, प्रो. डॉ. मांडवी सिंह एवं प्रो. डॉ ज्योति बक्शी के सान्निध्य में कथक की बारीकियों को आत्मसात कर सका। उन्होंने केवल तकनीक नहीं, बल्कि नृत्य के भीतर छिपे अध्यात्म, दर्शन और संवेदना को समझाया। कथक, गुरु के बिना अधूरा है, उसमें आत्मा तब ही आती है जब शिष्य समर्पण और अनुशासन के साथ गुरु की शरण में रहकर साधना करता है। आज भी, जब हम गुरुपूर्णिमा पर अपने गुरुओं का स्मरण करते हैं, यह केवल एक अनुष्ठान नहीं बल्कि ज्ञान की लौ को और आगे जलाने का, कला को भावी पीढ़ी तक ले जाने का एक संकल्प है। आज के आधुनिक युग में जहां डिजिटल माध्यम ने नृत्य सीखने के नए रास्ते खोल दिए हैं, वहीं यह और भी आवश्यक हो गया है कि हम पारंपरिक गुरु-शिष्य परंपरा को बनाए रखें। क्योंकि कथक केवल वीडियो देखकर नहीं सीखा जा सकता, वह गुरु की आंखों के इशारे से, उनके स्पर्श से एवं उनकी मौन दृष्टि से सीखा जाता है। गुरु पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर हम सभी कलाकारों को यह प्रण लेना चाहिए कि हम अपने गुरुओं की शिक्षाओं को आत्मसात करें, उनका यश आगे बढ़ाएं, और इस महान कला परंपरा को समर्पण, अनुशासन और प्रेम के साथ जीवित रखें।

**गुरु को कोटिशः नमन।**

**- लेखक कथक के सहायक प्राध्यापक हैं**

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8423

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | ■ |

### बाएँ से दाएँ

1. ईश वंदना-3
3. हाथ की तीसरी अंगुली-4
5. आगमन-2
6. स्वादिष्ट-3
7. हरसिंगार, पारिजात-2
8. क्रिकेट में बनते हैं-2
10. खौलना, उबलना-5
12. धनवान-3
15. खोदना-3
17. चुनाव, चयन-5
20. नसीब(अंग्रेजी-2)
22. कलर-2
23. रक्षक, संकटमोचक-3
24. कार्य, काज-2
25. सुंघनी, नस-4
26. पुराना जुकाम-3

### ऊपर से नीचे

1. रुपए का सोलहवां भाग-2
2. कुलबुलाना, तड़पना-5
3. जो कभी बूढ़ा न हो-3
4. बंदूक की गोली-4
5. अभिलेख, लेख-3
7. रात, रात्रि (उर्दू-2)
9. मादा का विलोम-2
11. धुन, लगाव-3
13. चरित्र, नीयत-3
14. तफरीह-5
15. अनाज रखने की जगह-4
16. टोंटी, नलका-2
18. बहुमूल्य रत्न-2
19. अनाथ, बेसहारा-3
21. डोली उठाने वाले-3
24. सफेद का विलोम -2

### शब्द पहेली -8422 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| झ | न्डा | ■ | ते | ■ | प | ■ | श | क |
| र | ■ | दा | ल | ■ | री | ता | ■ | ल |
| ना | खु | दा | ■ | पा | ■ | रा | इ | मा |
| ■ | श | ■ | अ | ला | वा | ■ | न्द्र | ■ |
| ब | ग | दा | द | ■ | स | म | ध | न |
| ■ | वा | ■ | द | ल | ना | ■ | नु | ■ |
| ग | र | म | ■ | क्ष | ■ | ऋ | ष | भ |
| र | ■ | स्त | र | ■ | कृ | षि | ■ | ला |
| ल | ब | ■ | क्षा | ■ | मि | ■ | ता | ई |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**10 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

(कुंडली: १ – ; २ शुक्र; ३ सूर्य, गुरु; ४ बुध; ५ मंगल, केतु; ६ – ; ७ – ; ८ – ; ९ चंद्र; १० – ; ११ राहु; १२ शनि)

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 05.53 बजे से |
| चंद्र | धनु में | सिंह | 08.09 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.21 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 12.32 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 14.47 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 17.03 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 19.08 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 20.54 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 22.27 बजे से |
| **राहुकाल** | | मेष | 23.58 बजे से |
| 1.30 से 3.00 बजे तक | | वृष | 01.38 बजे से |
| | | मिथुन | 03.36 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 191 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** पूर्णिमा 02.07 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा अहोरात्र। **योग** इन्द्र 21.38 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 13.56 बजे तदनन्तर बव 02.07 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 14.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 14' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872401 **जूलियन दिन** 2460866.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 14 **विशेष** कोकिला व्रत, व्यास पूजा, गुरु पूर्णिमा।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## न्यूज इन शॉर्ट



### शराब के नशे में वाहन चलाते तीन ट्रक चालकों पर कार्रवाई,31 हजार का जुर्माना

अनूपपुर। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य पुलिस कप्तान मोती उर रहमान के निर्देश में यातायात पुलिस द्वारा लगातार वाहन चेकिंग के माध्यम से शराब के नशे में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की जा रही है। जहां मंगलवार को वाहनों की चेकिंग के दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीए 8775, सीजी 04 पीएच 7473, आरजे 11 जीबी 4106 के चालक के नशे में वाहन चलाते पाए जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। कार्रवाई के उपरांत मामले को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां न्यायालय ने वाहनों पर 31 हजार जुर्माना लगाया है। वहीं 1 जनवरी से 7 जुलाई तक अब तक कुल 190 वाहन चालकों पर शराब के नशे में वाहन चलाने के कारण कार्रवाई की गई, जिस पर न्यायालय द्वारा 19 लाख 95000 रुपए का जुर्माना भी अधिरोपित किया गया है।

### जमोड़ी में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित

सीधी । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मुकेश कुमार शिवहरे, श्री कपिल देव काछी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक द्वारा आज दिनांक 09.07.2025 को ग्राम जमोड़ी में जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री शिवहरे द्वारा उपस्थित लोगों को मौलिक कर्तव्य, मानव अधिकार, मध्यस्थता, नेशनल लोक अदातत, निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा, सालसा एवं राज्य शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। उक्त शिविर में श्री कपिल देव काछी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी द्वारा उपस्थित लोगो को नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100, निःशुल्क विधिक सहायता, गरीबी उन्मूलन योजना का प्रभावी क्रियान्वयन, डॉन- (नशा मुक्त भारत के लिए नशा जागरूकता और कल्याण मार्गदर्शन) योजना 2025, वरिष्ठ नागरिकों को विधिक सेवा योजना तथा शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही मध्यस्थता योजना के बारे में विस्तार से बताया। श्री मनीष कौशिक ने उपस्थित लोगों को पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट, पीड़ित प्रतिकर योजना, लोक अदालत योजना, बाल विवाह निषेध अधिनियम के संबंध में जानकारी दी गई।

उक्त शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मुकेश कुमार शिवहरे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री कपिल देव काछी, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक जिला प्राधिकरण के कर्मचारीगण श्री रूपेन्द्र कुमार मिश्रा, श्री राजेश प्रताप सिंह एवं आमजन उपस्थित रहे।

### मानस भवन में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित



सीधी । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में तृतीय जिला न्यायाधीश श्री रवीन्द्र कुमार शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मुकेश कुमार शिवहरे, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक द्वारा आज दिनांक 09.07.2025 को मानस भवन में जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में श्री रवीन्द्र कुमार शर्मा द्वारा उपस्थित लोगो को मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, मानव अधिकार, मध्यस्थता, बाल श्रम पॉक्सो एक्ट एवं अन्य सिविल दाण्डिक विधियों पर जानकारी दी गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी शिवहरे द्वारा उपस्थित लोगों को नालसा, सालसा एवं राज्य शासन की विधिक सहायता योजना, पीड़ित प्रतिकर योजना, लोक अदालत योजना, मध्यस्थता योजना की जानकारी दी गई। मनीष कौशिक ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आर्थिक रूप से कमजोर तथा अन्य निर्योग्यता से ग्रसित लोगों को निःशुल्क और सक्षम विधिक सेवा उपलब्ध कराने हेतु दृढ़ संकल्पित है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित डॉन- (नशा मुक्त भारत के लिए नशा जागरूकता और कल्याण मार्गदर्शन) योजना 2025, जाग्रति- (जमीनी स्तर पर सूचना और पारदर्शिता पहल के लिए न्याय जागरूकता) योजना 2025 की जानकारी दी। उक्त शिविर में जिला न्यायाधीश श्री रविन्द्र कुमार शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मुकेश कुमार शिवहरे, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक जिला प्राधिकरण के कर्मचारीगण श्री रूपेन्द्र कुमार मिश्रा, श्री राजेश प्रताप सिंह एवं आमजन उपस्थित रहे।

## नवीन भवन में अव्यवस्था पर कलेक्टर हुए नाराज, जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण साफ सफाई दुरूस्त के दिए निर्देश

# नवीन भवन में पीडियाट्रिक,गायनोलॉजी और ओपीडी शिफ्टिंग का करें काम:कलेक्टर

**विजय मत, अनूपपुर**

लगभग 1729.24 लाख की लगात से बनी जिला अस्पताल की नवीन बिल्डिंग के निर्माण कार्य पूर्ण होने और लोकार्पण उपरांत भी अब तक उसके उपयोग नहीं होने पर बुधवार को कलेक्टर हर्षल पंचोली जिला अस्पताल के औचक निरीक्षण में पहुंचे। जहां कलेक्टर ने नवीव भवन में फैली अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए उसके साफ सफाई की व्यवस्था कराते हुए नवीन भवन में पीडियाट्रिक, गायनोलॉजी सहित ओपीडी विभाग को शिफ्टिंग करने के निर्देश दिए। वहीं कलेक्टर ने जिला अस्पताल के सीएनसी वार्ड, पीएनसी वार्ड, एएनसी वार्ड का निरीक्षण करते हुए जिला अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों को सुलभ रूप से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए जिला अस्पताल के नवीन भवन में अव्यवस्था मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने सिविल सर्जन को अभियान मोड में शिफ्टिंग की कार्रवाई करने तथा लिफ्ट के बेहतर संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान नवीन भवन में मरीजों को किसी तरह से परेशान ना होना पड़े उसके लिए दिशा सूचक बोर्ड (लेवल) यथोचित स्थान पर लगाए जाने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान उन्होंने नवीन भवन में लगाई गई लिफ्ट तथा जिला अस्पताल परिसर में बनाए जा रही नवीन ट्रामा यूनिट भवन का भी निरीक्षण किया तथा कार्यों की गुणवत्ता के निर्देश दिए।





लोकार्पण के माहभर बाद भी मरीजों को नई बिल्डिंग और सुविधाओं का नही मिल रहा लाभ

जिला अस्पताल की नई बिल्डिंग को अब हैंडओवर की आस

### 28 अप्रैल को हुआ था लोकार्पण, दो माह बाद भी नहीं हुआ हैंडओवर

जिला अस्पताल में वर्तमान में जगह की कमी बनने और मरीजों को होने वाले परेशानियों पर शासन द्वारा1729.24 लाख की लागत से 200 बिस्तरों वाली जिला अस्पताल की एक नई बिल्डिंग तैयार कराई गई है। जहां औपचारिकताओं में जिला प्रभारी अनूपपुर दिलीप अहिरवार एवं राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने 28 अप्रैल को इसका लोकार्पण किया और जिलेवासियों को इसकी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने की आशा व्यक्त की। लेकिन 28 अप्रैल को नए भवन का लोकार्पण करने के दो माह बाद भी इस नए बिल्डिंग का लाभ मरीजों के साथ परिजनों को नहीं मिल पाया है। बिल्डिंग में शिफ्ट में विलंबता का कारण चिकित्सकों की कमी के साथ लिफ्ट, बिजली की सुविधाओं का अभाव माना गया। वहीं बिल्डिंग के अधूरे वर्क के कारण शासन प्रशासन को हैंडओवर भी नहीं किया गया था।

### बेहतर सुविधाओं का मिल सकेगा लाभ

अब नवीन भवन में कुछ विभागों के संचालन होने पर मरीजों के साथ परिजनों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेगी। इसमें बच्चा, प्रसूता और ओपीडी वार्ड की सुविधा होगी, जबकि पुराने भवन में आईपीडी, ओपीडी जैसे मरीजों के साथ लैब की सुविधा रहेगी। बावजूद यहां चिकित्सकों की कमी एक चिंता का कारण बनी हुई है, क्योंकि पूर्व से ही यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है और हाल के दिनों में कुछ चिकित्सकों का स्थानांतरण की प्रक्रिया ने प्रशासन की परेशानी बढ़ा दी है।

# सब्जी व्यापारी ने पूर्व विधायक शबनम मौसी पर लगाया लूट का आरोप, थाना में दर्ज हुई शिकायत

## बधाई देने के एवज में सोने के झुमके जबरदस्ती लेने का मामला

**विजय मत, अनूपपुर**

शहडोल अविभाजित सोहागपुर विधानसभा से देश की प्रथम थर्ड जेंडर के रूप में विधायक बनीं और वर्तमान में अनूपपुर नगरपालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 में निवासरत शबनम मौसी पर सब्जी व्यापारी ने जबरदस्ती घर में महिलाओं से लूटपाट किए जाने का आरोप लगाया है। जहां परिजनों द्वारा व्यापारी को फोन पर दी गई सूचना पर मौके पर पहुंचे व्यापारी द्वारा जेवरात वापस लौटाने की गई अपील के बाद भी जेवरात वापस नही करने पर व्यापारी चचाई थाना अंतर्गत अमलाई बाबू चौक निवासी राहुल कुमार सोनी द्वारा चचाई थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। थाने में दिए गएए शिकायत में व्यापारी राहुल ने बताया कि मंगलवार की दोपहर उनके 4 महीने के बेटे की बधाई देने शबनम मौसी 8-10 लोगों के साथ उनके घर पहुंची थी। उन्होंने बधाई के रूप में 21000 रुपए की मांग की। राहुल की मां और पत्नी ने 1100 रुपए दिए। रुपए कम होने पर शबनम मौसी ने पैसे को फेंककर बच्चे सहित परिजनों को अभद्रता पूर्ण बद्दुआएं देते हुए अपशब्द कहें। इससे नाराज होकर घर की महिलाओं ने शबनम मौसी से इस प्रकार अपशब्दों के प्रयोग नहीं किए जाने की अपील की। लेकिन वह बार बार कान के झुमके देने की जिद्द पर अड़ी रही। विवाद गहराता देखकर मां ने कान के झुमके उतारे लेकिन तभी शबनम मौसी ने सोने का झुमका जबरदस्ती हाथ से छीन लिया। यह झुमका राहुल की नानी ने दिया था। राहुल ने बताया कि जब वह झुमका वापस मांगने उनके घर गया, तो शबनम मौसी ने कहा कि 21000 रुपए दो और झुमका ले जाओ। जिसको लेकर राहुल सोनी ने चचाई थाने में शिकायत की है, वहीं पूरे मामले को लेकर पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



### ऑटो चालकों ने की थी पिटाई

इससे पूर्व जिला मुख्यालय अनूपपुर के इंदिरा तिराहा पर ऑटो चालकों द्वारा भाड़ा और अभद्रता पर शबनम मौसी सहित उसके अन्य साथियों के साथ जमकर मारपीट की गई थी। चालकों का आरोप था कि रोजाना किसी न किसी के ऑटो में शबनम मौसी दिनभर साथियों के साथ सवारी करती और शाम को भाड़ा मांगने पर चालकों को सरेराह गालियां देते हुए अभद्रता करती थी।

### इनका कहना है

राहुल कुमार सोनी द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसमें बच्चे की बधाई देने पहुंची शबनम मौसी द्वारा महिलाओं से लूटपाट किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**सुंद्रेश सिंह मरावी**
**थाना प्रभारी चचाई**

# नियमावली के उल्लंघन पर 6 दवा दुकानों की अनुज्ञप्ति निलंबित

## औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी ने पारित किए आदेश

**विजय मत, अनूपपुर**

औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 के नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर जैतहरी स्थित मेसर्स लाइफ केयर मेडिकोज, अनूपपुर स्थित मेसर्स आकांक्षा मेडिकल स्टोर, कोतमा कॉलरी भालूमाड़ा स्थित मेसर्स रियान मेडिकोज, तहसील जैतहरी के आदर्श ग्राम सिवनी स्थित मेसर्स आरके मेडिकोज, कोतमा स्थित मेसर्स राजेश मेडिकल स्टोर्स तथा अनूपपुर स्थित मेसर्स अमृत फार्मा का आकस्मिक निरीक्षण औषधि निरीक्षक अनूपपुर द्वारा किया गया था। निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर्स में औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 के नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर जांच प्रतिवेदन तैयार कर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन अनूपपुर को प्रेषित किया गया था। जिसमें औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा संबंधित मेडिकल स्टोर्स के संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। संचालकों को जारी नोटिस का जवाब समाधानकारक एवं संतोषजनक नहीं पाए जाने के कारण औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला अनूपपुर द्वारा मेसर्स राजेश मेडिकल स्टोर्स के संचालक को स्वीकृत थोक औषधि विक्रय अनुप्तियां निरस्त एवं स्वीकृत फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञप्तियां 15 दिनों के लिए निलंबित की है। इसी प्रकार औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा मेसर्स लाइफ केयर मेडिकोज के संचालक को स्वीकृत फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञप्तियां 10 दिनों के लिए, मेसर्स आकांक्षा मेडिकल स्टोर के संचालक को स्वीकृत फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञप्तियां 7 दिनों के लिए, मेसर्स रियान मेडिकोज के संचालक को स्वीकृत फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञप्तियां 5 दिनों के लिए, मेसर्स आरके मेडिकोज के संचालक को स्वीकृत फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञप्तियां 7 दिनों के लिए तथा मेसर्स अमृत फार्मा के संचालक को स्वीकृत फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञप्तियां 5 दिनों के लिए निलंबित किए गए हैं। निलंबन अवधि में संचालकों को किसी भी प्रकार से औषधियों का क्रय-विक्रय नही किए जाने व मेडिकल स्टोर का संचालन बंद रखे जाने के आदेश दिए गए हैं।

### जर्जर एवं क्षतिग्रस्त स्कूलों व आंगनबाड़ी भवनों में कक्षाओं का संचालन नहीं, कलेक्टर ने दिए निर्देश



अनूपपुर। जिले में लगातार बारिश और बाढ़ आपदा प्रबंधन के तहत कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों, कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विभाग, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास तथा अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया है कि जर्जर एवं क्षतिग्रस्त शासकीय स्कूल भवनों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में कक्षाओं का संचालन नहीं करें। साथ ही अन्य किसी भी गतिविधियों में जर्जर स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्रों के कमरों या भवनों का उपयोग नहीं किया जाय। इसके लिए जांच कर संयुक्त रूप से सत्यापन उपरांत निर्देशानुसार कार्रवाई करने की हिदायत दी है।

# एसडीएम, तहसील कार्यालय के नवीन भवन को यथास्थान और अनूपपुर में मेडिकल कॉलेज के स्थापना प्रस्ताव में शामिल

**विजय मत, अनूपपुर**

जिपं सामान्य सभा की बैठक जिपं अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें 15 वें वित्त योजनांतर्गत बीपीडीपी वर्ष 2024.25ए जपं अनूपपुरए पुष्पराजगढ़ की कार्ययोजना एवं जपं जैतहरी की संशोधित कार्ययोजना पर चर्चा कर सदन द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। वहीं जिपंण् उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने अनूपपुर एसडीएमध्तहसील कार्यालय के नवीन भवन को यथास्थान बनाए जाने तथा अनूपपुर में मेडिकल कॉलेज के स्थापना को लेकर सदस्यों ने सर्व सम्मति से प्रस्ताव को शामिल किया है। वहीं बैठक में जिपं अनूपपुर अंतर्गत 5 वें वित्त की राशि की जानकारी तथा विवरण उपलब्ध कराने के संबंध में सदस्यों ने मांग की। जिस पर जिपंण् सीईओ ने जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष पार्वती बाल्मिकी राठौर ने ग्राम पंचायत धनगवां पूर्वी के दर्रीटोला में आवश्यक मूलभूत समस्याओं एवं ग्राम पंचायत बलबहरा से कल्याणपुर के बीच निर्माणाधीन सड? का कार्य पूर्ण करने तथा ग्राम दर्रीटोला में नवीन प्राथमिक शाला भवन अतिरिक्त कक्ष स्वीकृति एवं नल.जलए विद्युतए पीएमजीएसवाई के कार्यों को सेचुरेशन मोड पर करने की मांग की। वहीं निजी कम्पनियों द्वारा पॉवर प्लांट स्थापना तथा उससे संबंधित समस्याओं का निराकरण करने तथा सामुदायिक सामाजिक उत्तरदायित्वों के तहत पावर प्लांट स्थापना से प्रभावित ग्रामों की समस्याओं का निराकरण करने की मांग सदस्यों द्वारा की गई।



जिपं सदस्य नर्मदा सिंह ने ग्राम पंचायत किरगी;राजेन्द्रग्रामद्धबस स्टैंड के पास कन्या छात्रावास से लगे क्षेत्र में शराब दुकान को हटाकर अन्यत्र स्थापित करने की मांग रखी गई। जिस पर आबकारी अधिकारी द्वारा परीक्षण कर कार्रवाई की बात कही गई। वहीं खाद्य वितरण केन्द्र दमेहड़ीए करपा और भेजरी में पर्याप्त खाद की उपलब्धता तथा सहज विक्रय के संबंध में रखी गई मांग पर कृषि अधिकारी ने 2 दिनों में खाद की उपलब्धता के साथ ही वितरण का आश्वासन दिया।

**प्रदर्शन**

## जगह जगह संगठन के बैनर तले शांतिपूर्ण हुआ विरोध प्रदर्शन, सुरक्षा में तैनात रहे जवान

# लेबर कोड के विरोध में विभिन्न श्रमिक संगठनों ने किया राष्ट्रव्यापी हड़ताल, जिले में कोल खदान हुई प्रभावित

**विजय मत, अनूपपुर**

भारत सरकार द्वारा लगाए गए लेबर कोड के विरोध में देशभर में बुधवार को लगभग 10 विभिन्न संगठनों के आह्वान पर की गई राष्ट्रव्यापी हड़ताल का मिला जुला असर अनूपपुर जिले में भी रहा। यहां एसइसीएल और हसदेव उपक्षेत्र की लगभग दर्जन से अधिक कोल खदानों से कोयला का उत्पादन प्रभावित रहा। सुबह से ही संयुक्त मोर्चा के बैनर तले विभिन्न श्रमिक संगठनों ने खदानों के बाहर विरोध प्रदर्शन कर सरकार से लेबर कोड वापस लिए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर नारेबाजी की। जिसके कारण आवश्यकत सेवाओं के अलावा कोयला खदानों के भीतर मजदूर काम पर नहीं उतरे। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसइसीएल) के अंतर्गत आने वाली सभी खदानें जिनमें हसदेव एरिया, कोरबा, चिरमिरी, जमुना कोतमा, शहडोल शामिल हैं इस हड़ताल में प्रभावित रहीं। श्रमिक संगठनों का आरोप है कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए चारों श्रम संहिताएं (लेबर कोड) मजदूर विरोधी हैं और इससे श्रमिकों के अधिकारों, सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा में कटौती की गई है। संगठनों का कहना है कि इन कानूनों से ठेका प्रथा को बढ़ावा मिलेगा और स्थायी रोजगार की अवधारणा खत्म हो जाएगी। वहीं जिला मुख्यालय अनूपपुर में अखिल भारतीय किसान सभा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन एटक ने कलेक्टर कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।






### मांगें और नाराजगी

चारों लेबर कोड वापस लिए जाएं, श्रमिकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिले, ठेका प्रथा पर रोक लगे, मजदूरों की सुरक्षा और वेतन में सुधार किया जाए और निजीकरण की नीतियों पर विराम लगे। वहीं अखिल भारतीय किसान सभा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन एटक ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानजनक वेतन, किसानों को उनकी फसल का उचित कीमत, किसानों का कर्ज माफ, मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी दिलाने सहित अन्य मांगें रहीं।

### परिवहन भी रही प्रभावित

राष्ट्रव्यापी हड़ताल और संगठनों की सहभागिता के कारण बुधवार को प्रथम पाली में लगभग ना के बराबर मजदूर खदानों में उतरे, इससे कोयला उत्पादन सहित परिवहन का काम बंद रहा। उल्लेखनीय है कि हसदेव उपक्षेत्र राजनगर अंतर्गत 9 कोयला खदानें आती है, जबकि एसइसीएल कोतमा अंतर्गत 6 कोयला खदानें संचालित हैं।

## न्यूज इन शॉर्ट

### प्रधानमंत्री मोदी को ब्राजील का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिलने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ब्राजील का सर्वोच्च नागरिक सम्मान "द ग्रांड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द साउदर्न क्रॉस" मिलने पर प्रदेशवासियों की ओर से बधाई देकर उनका अभिनंदन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा है कि ब्राजील के राष्ट्रपति लूला द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान से सभी भारतीय गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विश्व कल्याण, शांति एवं सद्भाव के प्रति अप्रतिम योगदान से दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है।

### मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालने पर दर्ज कराई एफआईआर

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा भोपाल वृत्त के अंतर्गत ग्राम अमरावत कलां में शासकीय कार्य में बाधा डालने एवं धमकी देने वाले गजराज के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। ग्राम अमरावत कलां में विजिलेंस चेकिंग के दौरान आरोपी गजराज आत?मज लक्ष्मण सिंह लोधी के द्वारा एलटी पोल से सीधे अतिरिक्त केबल डालकर अपने घरेलू परिसर में बिजली चोरी करते पाए जाने पर कंपनी द्वारा भारतीय न?याय संहिता 2023 की धारा 135 के तहत प्रकरण बनाया गया था। तदुपरांत आरोपी एवं उनके पुत्रों द्वारा सहायक प्रबंधक रूपेश सिंह एवं सहयोगी लाइन स्टाफ पर लाठी से हमला करते हुए जब?त की गई केबल बलपूर्वक ली गई एवं अभद्रतापूर्ण व?यवहार करते हुए शासकीय कार्य में बाधा डाली गई। कंपनी द्वारा आरोपी के विरुद्ध थाना कोलार में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। कोलार थाना पुलिस ने भारतीय न?याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 352 के अंतर्गत कंपनी द्वारा एफ.आई.आर. दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। बिजली कंपनी के मैदानी कर्मचारियों और अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट / दुर्व्यवहार की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने तुरन्त एफ.आई. आर. कराने के निर्देश दिए हैं। कंपनी ने कहा है कि प्राय: देखने में आ रहा है कि बिजली कर्मियों पर ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट / दुर्व्यवहार किया जा रहा है। चूंकि ऐसी घटनाएं विद्युत अधिकारियों और कर्मचारियों का मनोबल गिराती हैं, इसलिए कंपनी के कार्यक्षेत्र में कार्यरत सभी नियंत्रणकर्ता अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मैदानी अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार या मारपीट की घटनाओं को पूरी गंभीरता से लिया जाए।

### खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अधिकारियों का प्रशिक्षण

**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को 2-2 दिन का प्रशिक्षण सितंबर माह तक विभिन्न चरणों में दिया जायेगा। प्रथम चरण के बाद दूसरे चरण का प्रशिक्षण 7 और 8 जुलाई को आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासनिक एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में संपन्न हुआ। खाद्य विभाग, मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाइज कॉरपोरेशन एवं मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन के जिले एवं मुख्यालय के अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में प्रारंभिक मिलिंग, भंडारण, उपार्जन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, ई-ऑफिस, ई-सीआर, आईगोट, स्पर्श पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन, स्टोर क्रय एवं सेवा नियम, विभागीय जांच, सूचना का अधिकार जैसे विषय शामिल थे। साथ ही अधिकारियों की समस्या और सुझावों को भी शामिल किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों, कर्मचारियों की कार्यकुशलता में वृद्धि, नवाचार और विभागों के मध्य आपसी सहयोग के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाना है। नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक अनुराग वर्मा द्वारा भी मार्गदर्शन दिया गया। सुनिधि साकल्ले प्रबंध संचालक आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासनिक एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

### सड़क दुर्घटना रोकने जिलों में चलेगा "जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम"

**भोपाल।** केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने देश के 100 ऐसे जिले जहां अधिक संख्या में घातक सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, उन्हें "सेफ लाईफ फाउण्डेशन" के सर्वे के माध्यम से चिन्हित किया है। देश के चिन्हित इन 100 जिलों में मध्यप्रदेश के 6 जिले चिन्हित किये गये हैं। ये जिले धार, सागर, सतना, रीवा, जबलपुर एवं खरगोन हैं। धार जिले में वर्ष 2023 के आकलन अनुसार सबसे अधिक घातक सड़क दुर्घटनाएं हुई है। इन सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा "जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम" के तहत सभी जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि इन सड़क दुर्घटनाओं के कारणों को चिन्हित करते हुए योजना तैयार की जाये। इसके बाद आवश्यक कार्य किए जाएं जिससे इन सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

## इंदौर में शहरी विकास के ब्लू प्रिंट पर होगा मंथन

# सीएम यादव करेंगे रियल एस्टेट, होटल इंडस्ट्री एवं टूरिज्म सेक्टर के निवेशकों से संवाद

**विजय मत, ब्यूरो, इंदौर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 11 जुलाई को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव में होटल इंडस्ट्री, पर्यटन, रियल एस्टेट और इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों के निवेशकों से संवाद करेंगे। इस उच्चस्तरीय आयोजन में देशभर के संबंधित सेक्टर्स के निवेशकों, उ?द्योगपतियों, कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। कॉन्क्लेव में देशभर से 1500 से अधिक उद्?द्योगपति, रियल एस्टेट, होटल इंडस्ट्री और टूरिज्म सेक्टर से जुड़े प्रतिनिधि, निवेशक आदि शामिल होंगे।

इंदौर में आयोजित हो रहे इस आयोजन के दौरान एक भव्य प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। आयोजन में क्रेडाई, होटल इंडस्ट्री, टूरिज्म, नगर निगम, आईडीए, स्मार्ट सिटी, मैट्रो, हुडको, एलआईसी, हाउसिंग बोर्ड आदि की व्यापक भागीदारी रहेगी। प्रदर्शनी में इनसे संबंधित योजनाएं व प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए जाएंगे। यह कॉन्क्लेव प्रदेश में शहरी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

आयोजन से इंदौर और मध्यप्रदेश को निवेश का नया आयाम मिलेगा। प्रदेश में विकास और निवेश शहरी परिवहन (मेट्रो, ई-बस, मल्टीमॉडल हब), किफायती आवास, स्लम पुनर्विकास, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, जलापूर्ति, सीवेज नेटवर्क,



झील संरक्षण, डिजिटलीकरण, ई-गवर्नेंस, भवन स्वीकृति प्रणाली और स्वच्छ ऊर्जा, हरित भवन, रिन्युएबल इनफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। निवेशक इन क्षेत्रों में निवेश कर भविष्य में होने वाले लाभ के सहभागी हो सकते हैं।

### हाउसिंग सेक्टर में बेहतर निवेश की संभावना

प्रदेश में हाउसिंग सेक्टर में निवेश की अच्छी संभावना है। अफोर्डेबल हाउसिंग में 8 लाख 32 हजार से अधिक किफायती आवास तैयार किए जा चुके है। प्रदेश में 10 लाख नए आवास तैयार किये जा रहे है। इनमें 50 हजार करोड़ रूपए का निवेश होगा। रियल एस्टेट की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रदेश में मानव संसाधन की गुणवत्तापूर्ण वर्क फोर्स उपलब्ध है। प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में 6 हजार किलोमीटर सड़क, 80 प्रतिशत शहरी क्षेत्र में पाइपलाइन वाटर सप्लाई कवरेज की सुविधा और शत प्रतिशत शहरी क्षेत्र सीवरेज सिस्टम उपलब्ध है। नगरीय क्षेत्रों में स्थानीय निकायों में 23 सेवाएं ऑनलाइन डिजिटल प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराई गई है। नगरीय निकायों में सेंट्रलाइज पोर्टल के माध्यम से मंजूरी दी जा रही है।

***इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी-2025 लागू...*** *प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी 17 हजार 230 योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ पर्यावरण के लिये 2 हजार 800 करोड़ और वाटर फ्रंट से संबंधित डेव्हलपमेंट में 2 हजार करोड़ रूपए की परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में शहरी क्षेत्रों में सुगम परिवहन व्यवस्था के विस्तार के लिये 21 हजार करोड़ रूपए की परियोजनाएं संचालित हैं। वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने और पेट्रोलियम ईंधन के कार्बन फुट-फ्रंट रोकने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश के बड़े शहरों में 552 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू किया जा रहा है। प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी-2025 लागू की गई है।*

## सहकारिता मंत्री की विभागीय समीक्षा

# हर जिले की चयनित सोसाइटियों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम होगा: सारंग

**विजय मत, भोपाल**

सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने हर जिले से पांच चयनित सोसाइटियों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस प्रोग्राम के माध्यम से सोसाइटियों द्वारा किए गए नवाचार और उनकी विभाग से अपेक्षाओं को जानने को भी कहा है। मंत्री सारंग बुधवार को मंत्रालय में सहकारिता विभाग की समीक्षा कर रहे थे।

मंत्री सारंग ने कहा है कि लगभग ढाई सौ सोसाइटियों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम 50-50 के ग्रुप में करें। उन्होंने कहा कि यह ओरिएंटेशन प्रोग्राम दो दिवसीय हो ताकि उनकी हर एक समस्याओं का समाधान भी हो




### माइक्रो एटीएम कार्ड का 100% वितरण हो

मंत्री सारंग ने माइक्रो एटीएम कार्ड रूपे कार्ड को एक माह के अंदर 100त्र वितरित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय की इस पहल को निचले स्तर तक पहुंचाने का भी कम करें। साथ ही नवाचार विंग को पुनर्गठित करें।

### चीता ब्रांड का 'लोगो' जल्द होगा लोकार्पित

मंत्री सारंग ने चीता ब्रांड का %लोगो% जल्द फाइनल कर लोकार्पित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने चीता ब्रांड के उत्पाद हितग्राही तक पहुंचाने के लिए एक चेन डेवलप करने को भी कहा। इसके लिए उन्होंने बिजनेस प्लान बनाकर प्रेजेंटेशन देने को भी कहा है और संभागवार समीक्षा बैठक आयोजित करने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर प्रमुख सचिव डीपी आहूजा, विपणन संघ प्रबंध संचालक आलोक कुमार सिंह, आयुक्त एवं पंजीयक मनोज पुष्प, अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता, उप सचिव सुशीला दाहिमा और मनोज सिन्हा उपस्थित थे।

### किरायदारों, पेइंगगेस्ट, होटलों में रूकने वालों आदि की जानकारी पुलिस को देना आवश्यक

**भोपाल।** पुलिस आयुक्त भोपाल हरिनारायणचारी मिश्र ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए नगरीय क्षेत्र भोपाल शहर में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार भोपाल शहर स्थित आवासों में किराये से एवं पेइंगगेस्ट के रूप में रहने वाले व्यक्तियों तथा यहां पर आवासरत लोगों के घरों में काम करने वाले नौकर - चाकर छात्रावास में रह रहे छात्र - छात्राओं एवं अन्य निवास की जगहों पर रहने वाले व्यक्तियों की जानकारी पुलिस प्रशासन को देना आवश्यक होगा। साथ ही भोपाल शहर में आने- जाने वाले मुसाफिरों, जो कि शहर के विभिन्न होटल, लॉज, धर्मशाला, रिजोर्ट, रेस्टहाउस जैसे प्रतिष्ठानों में ठहरते हैं, उनकी जानकारी निर्धारित प्रोफार्मा अनुसार संधारित किया जाना आवश्यक होगा। यह आदेश जारी दिनांक से आगामी दो माह तक प्रभावशील रहेगा। उपरोक्त आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश अनुसार कोई भी मकान मालिक जो अपना मकान या उसका कोई भाग किराये पर देते है, तो वह ऐसा करने के एक सप्ताह के भीतर किरायेदार अथवा पेइंगगेस्ट का विवरण निर्धारित प्रारूप में भरकर संबंधित थाने पर या मध्यप्रदेश पुलिस सिटिज़न पोर्टल पर आवश्यक रूप से देंगे।

## सड़कों के गड्ढों पर बोले पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह

# जब तक सड़कें रहेंगी तब तक गड्ढे होते रहेंगे, गड्ढे न हों ऐसी तकनीक नहीं

**विजय मत, भोपाल**

मध्य प्रदेश में खराब सड़कों के निर्माण और सड़कों के गड्ढों को लेकर पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने कहा है कि अभी ऐसी कोई तकनीक नहीं आई है, जिसके आधार पर कह सकें कि ऐसी सड़क बनाएंगे जिस पर कभी गड्ढा होगा ही नहीं। जब तक सड़कें रहेंगी तब तक गड्ढे होते रहेंगे। गलत तब है जब चार साल तक खराब न होने वाली सड़क में छह माह में ही गड्ढे हो जाएं।

राकेश सिंह ने कहा कि जो कुछ हम कर रहे हैं, प्रयास वही हो सकते हैं। मुझे ध्यान में नहीं आता कि दुनिया में कोई ऐसी सड़क भी है, जिसमें गड्ढा होता ही नहीं। ऐसी कोई तकनीक अभी पीडब्ल्यूडी के ध्यान में नहीं आई है।

उन्होंने सड़कों की खराब हालत और गड्ढों के कारण होने वाली दिक्कतों के सवाल पर कहा कि सवाल ऐसा हो जिसका हम उत्तर दे सकें। जब तक सड़कें रहेंगी तब तक गड्ढे होते रहेंगे।



### छह माह में गड्ढे हो जाएं तो गलत है: राकेश सिंह

मंत्री राकेश सिंह ने यह भी कहा कि अगर कोई सड़क ऐसी है जिसको चार साल तक खराब नहीं होना चाहिए और छह महीने में गड्ढे हो गए तो यह गलत है। ऐसे मामले में कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान उस जमीन को लेकर भी सवाल हुए जिस पर सड़क बनाई जा रही है।

### ग्वालियर की महल रोड 12 दिन में 11 बार धंसी

हाल ही में ग्वालियर नगर निगम और स्मार्ट सिटी की बनाई सड़क महीने भर में धंसने से चर्चा में आई थी। सड़क में सुरंग नजर आने लगी थी। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के महल तक जाने वाली यह वीआईपी और महंगी 'महल रोड' 12 बार दिन में 11 बार धंस चुकी थी।

### पानी भरने से धंसी, ठेकेदार जिम्मेदारी से नहीं बच सकता

नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल से जांच दल ग्वालियर पहुंचा। जांच दल ने सबसे पहले पाया है कि यहां सड़क तो बना दी गई, लेकिन सड़क पर बरसाती पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। सड़क किनारे जो नाली हैं। उसकी तरफ सड़क की ढलान नहीं है। यही कारण रहा कि रात भर पानी गिरा और सड़क में बैठता चला गया, जिस कारण वह धंसक गई।

# पेसा एक्ट जनजातीय समाज की स्वतंत्रता और जीवन मूल्यों की रक्षा का कानून: पटेल

**विजय मत, भोपाल**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि नवनियुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं विकासखंड अधिकारियों की पहली पोस्टिंग प्रदेश के जनजातीय विकासखंड में की जा रही है। इन विकासखंडों में पेसा मोबलाइजर्स के साथ कार्य कर नवनियुक्त अधिकारियों को जमीनी स्तर पर पेसा कानून के क्रियान्वयन की जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि पेसा कानून के क्रियान्वयन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के साथ ही जनजाति कार्य विभाग की बड़ी भूमिका है। उन्होंने पेसा कानून को जनजातीय समाज की स्वतंत्रता और जीवन मूल्यों की रक्षा का माध्यम बताया। मंत्री पटेल मंगलवार को मध्यप्रदेश जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान (वाल्मी) भोपाल में नवनियुक्त जनपद सीईओ एवं बीडीओ के प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं पेसा कानून पर कार्यशाला के समापन सत्र को



संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने नवनियुक्त अधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये और स्मृति दर्पण पुस्तिका का भी विमोचन भी किया।

मंत्री पटेल ने कहा कि शासकीय सेवा को व्यक्तिगत लाभ न मानते हुए समाज और संस्था की प्रतिष्ठा का माध्यम बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपनी सेवा जनजातीय क्षेत्र में होने पर स्वस्थ मन से, निष्काम भाव से जनजातीय सांस्कृतिक विरासत के लिए, उनके जीवन दर्शन के लिए, उनको दबावों से मुक्त कराने के लिए कार्य करें।

### मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी ने लागू की सेल्फ लर्निंग एन्ड एडवांसमेंट पॉलिसी

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कम्पनी ने अपने कार्मिकों के सतत् कौशल विकास, ज्ञान संवर्धन एवं शैक्षणिक उन्नयन को बढ़ावा देने के लिये स्व-अध्ययन तथा उन्नति नीति (सेल्फ लर्निंग एन्ड एडवांसमेंट पॉलिसी) लागू की है। इस नीति के अंतर्गत अब सभी अभियंता व कार्मिक अपने नियमित कार्यालयीन कर्तव्यों के साथ-साथ कम्पनी के कार्यक्षेत्र से संबंधित विषयों में पार्ट-टाइम, ऑनलाइन अथवा दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम (Certificate Courses), डिप्लोमा, डिग्री, एमटेक, एमबीए, बीटेक, एलएलबी, एलएलएम,एमसीए व पीएचडी जैसे अनेक शैक्षणिक कार्यक्रम में प्रवेश ले सकेंगे।

## गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के कल्याण को समर्पित प्रदेश सरकार

# बिजली कंपनियों में 49 हजार से अधिक पदों पर युवाओं को मिलेगा रोजगार: डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी

**विजय मत, भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने बुधवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में लिये गए निर्णयों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जिन चार जातियों के कल्याण और सशक्तीकरण की बात करते हैं, डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली राज्य सरकार उनकी भलाई के लिए समर्पित है। डॉ. सोलंकी ने राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गए निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ये निर्णय गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के विकास और सशक्तीकरण की दिशा में बड़ा कदम साबित होंगे।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने कहा कि राज्य सरकार ने सिंचाई शुल्क चुकाने में असमर्थ रहे किसानों के प्रति संवेदनशीलता प्रदर्शित करते हुए मंत्रिपरिषद की बैठक में निर्णय लिया है कि ऐसे किसानों से सिंचाई शुल्क न चुकाने पर लिया जाने वाली दंड राशि और ब्याज नहीं लिया जाएगा। सिर्फ सिंचाई शुल्क की राशि ही ली जाएगी। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के लाखों किसानों को लाभ होगा और वे सिंचाई शुल्क का भुगतान कर सकेंगे। सरकार ने यह योजना मार्च, 2026 तक के लिए लागू की है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने कहा कि राज्य सरकार ने धरती आबा योजना के अंतर्गत प्रदेश के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में 66 नए आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का प्रावधान किया है। इससे जहां एक ओर इन क्षेत्रों में कुपोषण कम करने में मदद मिलेगी, वहीं बहनों को रोजगार भी मिलेगा। सरकार ने इन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए कार्यकर्ता, सहायिका और सुपरवाइजर के पदों को भी मंजूरी दी है।

**विजय मत एंकर** — सर्वाधिक दुर्घटना वाले 100 जिलों में एमपी के छह जिले

# धार, सागर, सतना, रीवा, जबलपुर खरगोन में चलेगा जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम

**विजय मत, भोपाल**

देशभर के सबसे अधिक सड़क दुर्घटना वाले 100 जिलों में एमपी के भी छह जिले शामिल हैं। ये जिले धार, सागर, सतना, रीवा, जबलपुर एवं खरगोन हैं। सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए केन्द्र सरकार ने जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम के अंतर्गत इन जिलों के जिला प्रशासन से कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं के कारणों को चिह्नित कर योजना तैयार करें। इसके बाद आवश्यक कार्य किए जाएं ताकि इन सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने ऐसे जिलों को सेफ लाईफ फाउण्डेशन के सर्वे के माध्यम से चिह्नित किया है। वर्ष 2023 के आकलन अनुसार धार जिले में सबसे अधिक गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। आईआईटी मद्रास के Center of E&ellence for Road Safety द्वारा ऐसी रणनीति पर



कार्य किया गया है जिसके अंतर्गत हर स्थान एवं सड़क कॉरिडोर जहां दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं, वहां कम लागत वाले अति स्थानीय कार्यों को चिह्नित जाए। उन कार्यों के लिये जिला प्रशासन को सहयोग दिया जाएगा।

परिवहन विभाग की ओर से सभी कमिश्नर एवं जिला कलेक्टर्स को विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य सचिव द्वारा भी इस कार्य की लगातार समीक्षा की जा रही है। सभी कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है कि वे जिले में एडीएम या एसडीएम स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करें तथा यह नोडल अधिकारी जिले की सड़क एजेंसियों के अधिकारियों के साथ बैठक करके संभावित दुर्घटना स्थलों और सड़क कॉरिडोर की जानकारी जुटाएं। ऐसे स्थल या सड़क कॉरिडोर जहां लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं उन्हें एनआईसी e-DAR पोर्टल से चिह्नित किया जा सकेगा। कुछ ऐसे स्थल जहां संभावित घातक दुर्घटना हो सकती हैं तथा वर्तमान में छिटपुट दुर्घटनाएं हो रही हैं, ऐसे स्थलों की जानकारी स्थानीय पुलिस, स्थानीय निकायों, आमजन आदि से एकत्रित करने के निर्देश कलेक्टर्स को दिए गये हैं। जिले के ऐसे चिह्नित सड़क दुर्घटनाओं के स्थल एवं सड़क कॉरिडोर का निरीक्षण सभी संबंधित सड़क एजेंसी के जिला अधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से किया जायेगा। दुर्घटना के तकनीकी और इंजीनियरिंग कारणों को आंकलित कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। मौका निरीक्षण के बाद तकनीकी कारण जिनकी वजह से दुर्घटनाएं हो रही हैं उनकी जानकारी लेने के बाद निराकरण के लिये अति स्थानीय एवं कम लागत के उपाय भी संबंधित सड़क एजेन्सी के इंजीनियर करेंगे।

कलेक्टर, नोडल अधिकारी एवं सड़क एजेन्सी के इंजीनियर के माध्यम से जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में इसका प्रजेंटेशन होगा।

### एसओएस बालग्राम में डेंगू से बचाव हेतु कार्यशाला आयोजित

**भोपाल।** डेंगू रोग की रोकथाम एवं जागरूकता के उद्देश्य से जिला मलेरिया कार्यालय द्वारा एसओएस बालग्राम में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव द्वारा बालग्राम के समस्त स्टाफ को डेंगू के लक्षणों, बचाव एवं नियंत्रण के उपायों से अवगत कराया गया। श्रीमती नामदेव ने कार्यशाला में ऐडीस मच्छर के लार्वा की पहचान एवं विनष्टीकरण के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए परिसर को स्वच्छ बनाए रखना, खुले पानी के बर्तनों को ढंक कर रखना, बच्चों को पूरी बांह के कपड़े पहनाना और मच्छरदानी में सुलाना आवश्यक है। इस दौरान मलेरिया विभाग की टीम द्वारा बालग्राम परिसर में लार्वा सर्वे एवं रक्त पट्टी संग्रहण का कार्य भी किया गया।

## मुख्यमंत्री के युवाओं को रोजगार संपन्न बनाने की घोषणा पर अमल

# एमएसएमई इकाइयों को प्रोत्साहित कर उपलब्ध कराई जा रही है सहायता: मंत्री काश्यप

**विजय मत, भोपाल**

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने बताया कि प्रदेश में रोजगार सृजन और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिये राज्य शासन द्वारा निरंतर प्रभावी पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्योग और रोजगार वर्ष की घोषणा के अनुरूप विभाग लगातार एमएसएमई की स्थापना और रोजगार सृजन के लिए गंभीर प्रयास कर रहा है। केंद्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से युवाओं, महिलाओं और स्व-सहायता समूहों को ऋण, अनुदान और तकनीकी सहायता प्रदान कर उन्हें स्वावलंबी बनाया जा रहा है।

मंत्री काश्यप ने बताया कि प्रदेश में 18 लाख पंजीकृत एमएसएमई इकाइयों द्वारा 56 हजार करोड़ रूपये से अधिक निवेश कर 94 लाख से अधिक लोगों को रोजगार दिया गया है। इसी तरह 5,342 स्टार्टअप, 72 इनक्यूबेटर और 2,542 महिला स्टार्टअप्स के माध्यम से 54 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत 10,352 युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा गया।

मंत्री काश्यप ने बताया कि रोजगार सृजन के इस सबसे सशक्त माध्यम को और प्रभावी बनाया गया है। एमएसएमई विकास नीति 2025, स्टार्टअप नीति 2025 और औद्योगिक भूमि आवंटन नियम 2025 के माध्यम से प्राथमिकता क्षेत्रों को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। स्टार्टअप नीति का लक्ष्य 10 हजार डीपीआईआईटी मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स को सहयोग प्रदान करना है। हाल ही में रतलाम में संपन्न हुई रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एण्ड एम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव इसका उदाहरण है, जहां वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश में अभी तक लाभान्वित हुए 2.37 लाख से अधिक लोगों को जिन्हें लगभग 2400 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण बैंकों/वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से मिला है।

# सीरीज को लेकर अभी कुछ नहीं कह सकते: गांगुली

**कोलकाता, एजेंसी**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा है कि अभी से ये नहीं कहा जा सकता है कि एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज कौन सी टीम जीतेगी। अभी दोनो ही टीमें 1-1 से बराबरी पर हैं। वहीं 3 मैच होने हैं जिससे सीरीज के परिणाम तय होंगे। दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम की जीत के बाद गांगुली स्वदेश लौट आए थे। उन्होंने भारतीय टीम के प्रदर्शन की भी प्रशंसा की है। साथ ही कहा कि आगे के मैचों में भी टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी पर कहा कि सीरीज में अभी तीन मैच शेष हैं, इसलिए परिणाम के बारे में अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।

गांगुली ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भारतीय टीम पहले दो मैचों की तरह ही तीसरे मैच में भी अच्छी बल्लेबाजी करेगी। साथ ही, उम्मीद करता हूं कि टीम 20 विकेट लेने में भी सफल रहेगी, जिससे जीत मिलने की संभावना बढ़ जाये। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि अगले टेस्ट में जसप्रीत बुमराह भी टीम में आ जाएंगे। इससे हमारी गेंदबाजी और भी बेहतर हो जाएगी और हम इंग्लैंड के 20 विकेट आसानी से ले सकेंगे। बुमराह हेंडिग्ले में खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट में शामिल थे। पहली पारी में उन्होंने 5 विकेट भी लिए थे पर दूसरे टेस्ट में उन्हें कार्यभार प्रबंधन के तहत ही आराम दिया

# साल्ट का बल्ला जांच में सही पाया गया : ईसीबी

**लंदन, एजेंसी**




आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) टीम में शामिल रहे फिल सॉल्ट पर इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट में बल्ले के गेज को लेकर धोखाधड़ी के आरोप लगे थे पर बाद में वह इस मामले में बरी हो गये हैं। साल्ट को वाइटैलिटी ब्लास्ट में नॉर्थैम्पटनशायर स्टीलबैक्स के खिलाफ लंकाशायर लाइटनिंग के मैच में लक्ष्य का पीछा करते समय पहले ओवर में ही सवाल उठे थे। तब अंपायर ने सॉल्ट के बल्ले का आकार मापने के लिए बैट-गेज की जांच की थी। यह एक नियमित प्रक्रिया है, जिससे यह तय किया जाता है कि बल्ला निर्धारित मापदंडों के अंदर बना है या नहीं पर उस समय उनका बल्ला बल्ला-गेज से नहीं गुजर पाया और उसे टेस्ट में असफल घोषित कर दिया गया। पहली बार में टेस्ट में फेल होने के बाद सॉल्ट के बल्ले का गेज मैच के बाद भी देखा गया। इस दौरान उनका बल्ला जांच में पास हो गया। इसके बाद भी अंपायर्स ने बल्ले को आगे की जांच के लिए भेज दिया। लंकाशायर काउंटी क्रिकेट क्लब ने कहा है कि बल्ला उसमें भी सही पाया गया है। ऐस में इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के एंटी-करप्शन कोड के किसी भी उल्लंघन से भी इस क्रिकेटर को दोषमुक्त कर दिया गया।

## देश से मिले प्यार और समर्थन को लौटाना चाहता था

# एनसी क्लासिक जीतने के अधि महत्वपूर्व था इसका आयोजन: नीरज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ओलंपिक में स्वर्ण और रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने कहा है कि एनसी क्लासिक स्पर्धा के जरिये देश को वह प्यार और समर्थन लौटाना चाहते थे जो उन्हें मिला है। नीरज की इस एनसी क्लासिक स्पर्धा के जरिये पहली बार भारत में अंतरराष्ट्रीय स्तर की भाला फेंक स्पर्धा हुई है। नीरज चोपड़ा ने बेंगलुरु के कांतीरवा में आयोजित अपने ही नाम वाली ये स्पर्धा जीती थी। इसमें दुनिया भर के कई स्टार भाला फेंक खिलाड़ी शामिल हुए थे। नीरज ने इस प्रतियोगिता में 86.18 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका।

नीरज ने कहा, मुझे बहुतों का आभार जताना है। दोस्तों और परिवार से लेकर अधिकारियों और संगठनों तक हालांकि अभी के लिए, मैं इसे सरल रखूंगा। अपने देश को कुछ वापस देना मेरा एक छोटा सा सपना था, जो इस स्पर्धा से पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता को जीतने से अधिक महत्वपूर्ण इसके आयोजन की प्रक्रिया थी। नीरज ने इस स्पर्धा का सह-आयोजन जेएस डब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ मिलकर किया था और इसे भारतीय एथलेटिक्स और विश्व एथलेटिक्स संघ से मान्यता मिली थी।



नीरज ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं उन सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद कहना चाहता हूं, जिन्होंने इसे संभव बनाने में अपनी भूमिका निभाई। एथलीटों से कहना चाहता हूं कि हम अगली बार और बेहतर करने के प्रयास करेंगे। कांतीरवा में आए सभी लोगों से कहना चाहता हूं कि यह वास्तव में सबसे अच्छे माहौल में से एक था, जिसे मैंने अपने सबसे पसंदीदा खेल को खेलते हुए अनुभव किया। इस स्पर्धा में केन्या के जूलियस येगो 84.51 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे जबकि श्रीलंका के रुमेश पथिरगे 84.34 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नीरज ने अपने अभियान की शुरुआत फाउल के साथ की। वहीं दूसरे प्रयास में उनका थ्रो 82.99 मीटर लंबा रहा। तीसरे प्रयास में उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो 86.16 मीटर लंबा फेंका जबकि चौथे प्रयास में फाउल और पांचवें में 84.07 मीटर और छठे प्रयास में उन्होंने 82.22 मीटर लंबा थ्रो किया।

# तीसरे टेस्ट में जोफ्रा आर्चर को शामिल करे इंग्लैंड: एंडरसन

**लंदन, एजेंसी**



इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का मानना है कि इंग्लैंड को अपनी गेंदबाजी को बेहतर बनाने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में रहस्यमयी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को जरुर शामिल करना चाहिये। पांच टेस्ट मैचों की इस सीरीज में अभी दोनो ही टीमें 1-1 से बराबरी पर हैं। तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से प्रतिष्ठित लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला जाएगा। एंडरसन के अनुसार आर्चर ने फिटनेस कारणों से चार साल से अधिक समय से टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है पर उनकी गेंदबाजी में काफी विविधता है और वह मुकाबले में अंतर पैदा कर सके हैं। हाल में उन्होंने ससेक्स की ओर से प्रथम श्रेणी स्तर क्रिकेट में सभी को प्रभावित किया था। भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में टीम के गेंदबाज प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाये थे जिससे भारतीय टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही। एंडरसन ने कहा, आर्चर ने ससेक्स के लिए एक मैच खेला; वह एजबेस्टन में टीम के साथ थे और थोड़ी गेंदबाजी भी की। मुझे लगता है कि आपको उन्हें खिलाना ही होगा कयोंकि तीसरा टेस्ट बेहद अहम है।

दूसरी ओर इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने माना है कि आर्चर फिट है और चयन के लिए उपलब्ध है पर उनका खेलना तय नहीं है। उन्होंने कहा, जोफ्रा फिट दिख रहे हैं, वे मजबूत दिख रहे हैं, वे खेलने के लिए तैयार दिख रहे हैं और वे सभी की नजर में आएंगे। यह बेहद रोमांचक है। वे भी खेलने को लेकर उत्साहित हैं। वे अपनी चोटों और टेस्ट क्रिकेट से बाहर रहने के दौर से गुजरे हैं। हम सभी जानते हैं कि वे टेस्ट क्रिकेट में क्या हासिल कर सकते हैं और हमें उम्मीद है कि जब उन्हें मौका मिलेगा, तो वे अपनी पुरानी उपलब्धियों को फिर से दोहरा पाएंगे और खेल के उस रूप में जो उन्होंने पहले से किया है, उसमें सुधार भी कर पाएंगे।

आर्चर के रुप में एक बदलाव ही संभावित नजर आ रहा है। तेज गेंदबाज गस एटकिंसन और बैक-अप बल्लेबाज जैकब बेथेल भी इस महत्वपूर्ण मुकाबले की दौड़ में हैं पर उनकी दावेदारी कमजोर है। बेथेल ने केवल तीन टेस्ट मैच खेले हैं जबकि एटकिंसन मई में नॉटिंघम में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद से से ही बाहर हैं। बेथेल के शामिल होने से इंग्लैंड को एक और मौका मिलेगा। एक और स्पिन विकल्प के साथ मैकुलम ने कहा कि वह पहली पसंद के स्पिनर शोएब बशीर की जगह अंतिम ग्यारह में नहीं रहेंगे। मैकुलम ने बेथेल के बारे में कहा, वह एक बल्लेबाजी विकल्प है। अगर कुछ होता है तो वह अगला खिलाड़ी है।

## फुटबॉल



लूसर्ने में स्वीडन की कोसोवारे एसलानी यूरो 2025 फुटबॉल मैच में पोलैंड के खिलाफ दूसरा गोल करने के बाद खुशी जताती हुई।

# आईसीसी रैंकिंग में हैरी शीर्ष पर पहुंचे, शुभमन शीर्ष दस में शामिल, ऑलराउंडरों में नंबर एक पर बरकरार जडेजा

**दुबई।** इंग्लैंड के हैरी ब्रूक फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंच गये हैं। हैरी ने अपने ही देश के अनुभवी बल्लेबाज जो रुट को दूसरे स्थान पर धकेल कर नंबर एक स्थान पर कब्जा किया है। ब्रूक के अब 886 रेटिंग अंक हैं। उन्हें एजबेस्टन में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 158 रनों की पारी खेलने का लाभ मिला है। वहीं रूट दूसरे स्थान पर खिसक गये हैं। उनके 868 रेटिंग अंक हैं। पहले दोनो टेस्ट में शतक लगाने वाले भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल शीर्ष 10 में पहुंच गये हैं। शुभमन ने 15 स्थान की छलांग लगायी है। यह शुभमन के टेस्ट करियर की सबसे अच्छी रैंकिंग है। उनके 807 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने एजबेस्टन में भारतीय टीम को मिली 336 रनों से ऐतिहासिक जीत में अहम योगदान दिया था। गिल ने पहली पारी में 269 रन बनाकर दोहरा शतक ठोका जबकि दूसरी पारी में शतक लगाया था। वह नंबर-1 पर चल रहे ब्रूक से 79 रेटिंग अंक पीछे हैं। रैंकिंग में गिल से आगे रूट के अलावा न्यूजीलैंड के केन विलियमसन हैं। उनके (867 रेटिंग अंक हैं और वह तीसरे नंबर पर हैं। । वहीं भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 858 अंक लेकर , चौथे और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ 807 अंक लेकर पांचवें नंबर पर हैं। शीर्ष-10 बल्लेबाजों में सिर्फ दो भारतीय हैं।

# बिजनेस

## भारत पर पड़ेगा सबसे ज्यादा असर कई कंपनियां अमेरिका पर निर्भर

# अब ट्रंप ने दी फार्मास्युटिकल उत्पाद पर टैरिफ लगाने की धमकी

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर वैश्विक व्यापार पर आक्रामक नजर आ रहे हैं। पहले उन्होंने कई देशों को निशाना बनाया और अब वे उत्पाद-विशेष पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी दे रहे हैं। इस बार वह कॉपर और फार्मास्युटिकल उत्पाद पर टैरिफ लगाने की बता कह रहे हैं। ट्रंप ने इन पर क्रमशः 50 फीसदी और 200 फीसदी तक का टैरिफ लगाने की बात कही है, जिसका सीधा असर भारत जैसे देशों पड़ेगा। भारत के लिए यह चिंता की बात है क्योंकि देश का फार्मा उद्योग अमेरिका पर काफी हद तक निर्भर है और कॉपर उत्पादों का भी एक बड़ा हिस्सा अमेरिका को निर्यात किया जाता है।

वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने करीब 17 हजार करोड़ रुपए के कॉपर और उससे जुड़े उत्पादों का निर्यात किया, जिनमें से करीब 17 फीसदी यानी 36 करोड़ डॉलर का निर्यात केवल अमेरिका को किया गया। फार्मा सेक्टर की बात करें तो भारत ने अमेरिका को करीब 9.8



अरब डॉलर यानी करीब 86 हजार करोड़ रुपए की दवाओं की आपूर्ति की। यह आंकड़ा इसलिए भी अहम है क्योंकि अमेरिका में उपयोग की जाने वाली करीब 40 फीसदी जेनरिक दवाएं भारत से निर्यात की जाती हैं। ऐसे में अगर प्रस्तावित 200 फीसदी टैरिफ लागू होता है तो इसका असर भारत की दवा कंपनियों पर महसूस पड़ेगा।

भारत की अग्रणी दवा कंपनियों में से ज्यादातर की आय का बड़ा हिस्सा अमेरिकी बाजार से आता है। जैसे सन फार्मा की कुल कमाई में अमेरिका की हिस्सेदारी करीब 35 फीसदी है। यह कंपनी जेनरिक, स्पेशल जेनरिक और न्यूरोलॉजिकल दवाओं का अमेरिका को बड़ा निर्यातक है। ऑरोबिंदो फार्मा की आधी आय अमेरिका से आती है और वह वहां एंटीबायोटिक्स, एंटीवायरल और कार्डियोवैस्कुलर दवाओं की आपूर्ति करती है। डॉ. रेड्डीज लेबोरेटरीज की 38 से 45 फीसदी आय अमेरिका से होती है और वह जेनरिक के साथ-साथ बायोसिमिलर्स और ओवर-द-काउंटर दवाएं भी वहां भेजती है। ल्यूपिन लिमिटेड की 40 फीसदी कमाई अमेरिका से होती है और हाल ही में इसने वहां एक नई दवा लॉन्च की है।

सिप्ला लिमिटेड की करीब 30 फीसदी आय अमेरिकी बाजार से आती है, जहां वह सांस और एचआईवी जैसी बीमारियों की दवाएं भेजती है। जायडस लाइफसाइंसेज की 45 फीसदी, ग्लैंड फार्मा की 50 फीसदी और ग्लेनमार्क फार्मा की 35 फीसदी कमाई अमेरिका पर आधारित है। वहीं, नैटको फार्मा तो 70 फीसदी तक अमेरिका पर निर्भर है, जो कैंसर और हेपेटाइटिस-सी जैसी बीमारियों की दवाएं वहां भेजती है। टॉरेंट फार्मा की 25-30 फीसदी आय अमेरिका से आती है।

# सूचीबद्ध कंपनियों में प्रवर्तकों की हिस्सेदारी घटकर इस साल 37 फीसदी पर पहुंची

- प्रवर्तकों ने ब्लॉक डील के जरिये शेयर बेचने की वजह से आई गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत के शेयर बाजार में बदलाव आ रहा है और प्रवर्तक अप्रत्याशित तेजी से कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी को कम कर रहे हैं। शीर्ष 200 निजी स्वामित्व वाली सूचीबद्ध कंपनियों में प्रवर्तकों की हिस्सेदारी करीब 600 अंक घटी है। इन कंपनियों में प्रवर्तकों की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2021 में 43 फीसदी थी जो 2025 में घटकर 37 फीसदी रह गई। प्रवर्तकों द्वारा ब्लॉक डील के जरिये शेयर बेचने की वजह से यह गिरावट आई है। इनमें से ज्यादातर शेयर घरेलू म्युचुअल फंडों ने खरीदे हैं।

वित्त वर्ष 2021 और वित्त वर्ष 2025 के बीच बीएसई 200 कंपनियों में म्युचुअल फंडों की शेयरधारिता 360 आधार अंक बढ़कर 10.9 फीसदी हो गई जबकि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की हिस्सेदारी 420 आधार अंक घटकर 24.4 फीसदी रह गई। कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के मुताबिक शेयरधारिता में बदलाव प्रवर्तकों द्वारा उच्च मूल्यांकन का लाभ उठाने और म्युचुअल फंडों द्वारा उतार-चढ़ाव से खरीदार बनने को दर्शाता है।

# सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी**




घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गयी है। आज सुबह वायदा कारोबार की शुरुआत कमजोर रही। घरेलू बाजार में आज सोना 96,200 रुपये जबकि चांदी 1,07,800 रुपये के करीब रहा है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी के वायदा भाव की शुरुआत बढ़त के साथ हुई हालांकि बाद में इसमें गिरावट आने लगी। इसके अलावा सोना भी गिरावट के साथ ही खुला।

सोने के वायदा भाव की शुरुआत कमजोर रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त अनुबंध आज 279 रुपये की गिरावट के साथ ही 96,193 रुपये पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 96,472 रुपये था। वहीं एक समय यह अनुबंध 294 रुपये की गिरावट के साथ ही 96,178 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। एक समय इसने 96,257 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 96,157 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया। सोने के वायदा भाव इस साल 1,01078 रुपये के शीर्ष स्तर पर पहुंचे।

चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी कमजोर रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर अनुबंध 96 रुपये की गिरावट के साथ ही 1,07,889 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,07,985 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 165 रुपये की गिरावट के साथ ही 1,07,820 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। ये 1,07,938 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 1,07,800 रुपये के भाव पर दिन के निचला स्तर पर पहुंचा। वहीं चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,09,748 रुपये किलो के भाव पर सबसे उच्च स्तर पर पहुंचा।

दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव में गिरावट रही। कॉमेक्स पर सोना 3,310.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 3,316.90 डॉलर प्रति औंस था। सुबह यह 16.80 डॉलर की गिरावट के साथ ही 3,300.10 डॉलर प्रति औंस पर खुला। वहीं सोने के वायदा भाव इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव के शीर्ष स्तर पर पहुंचे। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 36.93 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 36.74 डॉलर था।

# सेंसेक्स 176 अंक गिरकर 83,536 पर बंद, निफ्टी 46 अंक फिसला

## मेटल, रियल्टी और आईटी शेयर्स सबसे ज्यादा गिरे

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई का सेंसेक्स 176.43 अंक टूटकर 83,536.08 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 46.40 अंकों की गिरावट के साथ ही 25,476.10 अंकों पर बंद हुआ। बाजार में इस गिरावट का एक कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बह बयान है जिसमें उन्होंने कहा है कि एक अगस्त से टेरिफ लगाया जाएगा। इससे निवेशकों ने सतर्कता बरती जिससे घरेलू बाजार पर दबाव आया। आज सुबह भी बाजार की कमजोर शुरुआत हुई और ये सिलसिला दिन भर जारी रहा। आज सेंसेक्स की 30 में से 13 कंपनियों के शेयर ही ऊपर आये जबकि शेष 17 कंपनियों के शेयर गिरावट पर बंद हुए। इसी प्रकार 50 शेयरो वाले एनएसई निफ्टी की 21 कंपनियों के शेयर ही बढ़त पर बंद हुए शेष 29 कंपनियों के शेयर नीचे आये। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल बजाज फाइनेंस के शेयर सबसे ज्यादा 1.40 फीसदी उछले जबकि एचसीएल टेक के शेयर आज सबसे ज्यादा 2.03 फीसदी गिरे।

सेंसेक्स की बाकी कंपनियों में आज हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर 1.26 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 0.90 फीसदी, पावरग्रिड 0.62 फीसदी, एशियन पेंट्स 0.57 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.49 फीसदी, आईटीसी 0.48 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 0.45 फीसदी, बजाज फिनसर्व 0.36 फीसदीकी तेजी के साथ बंद हुए।

वहीं टाटा स्टील के शेयरों में 1.76 फीसदी, टेक महिंद्रा 1.39 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.28 फीसदी, बीईएल 1.01फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 0.77 फीसदी, एलएंडटी 0.66फीसदी, टीसीएस 0.65 फीसदी, ट्रेंट 0.61 फीसदी, भारती एयरटेल 0.51 फीसदी, सनफार्मा 0.50 फीसदी, नीचे आये।

आज बीएसई मिडकैप इंडेक्स स्थिर रहा, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स 0.5 फीसदी बढ़ा। वहीं क्षेत्रीय स्तर पर, एफएमसीजी, ऑटो और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 0.5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जबकि मेटल और रियल्टी में एक-एक फीसदी से अधिक की गिरावट आई। जियो का आईपीओ 2025 से आगे खिसकने से रिलायंस के शेयरों में 2 फीसदी की गिरावट आई। ट्रंप के भारत के लिए प्रमुख निर्यात श्रेणी, फार्मास्यूटिकल्स के आयात पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी के बाद निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से भी बाजार नीचे आया है। इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स आज सुबह 90 अंक के करीब नीचे आकर 83,625.89 अंक पर खुला। सुबह यह 114.39 अंक करीब 0.14 फीसदी की गिरावट के साथ 83,598.12 पर कारोबार कर रहा था।

# जून 2025 में वाहनों की त्योहार और शादियों ने बढ़ाई मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**



देश में सभी सेगमेंट की ऑटोमोबाइल खुदरा बिक्री जून 2025 में सालाना आधार पर 4.84 प्रतिशत बढ़कर 20.03 लाख यूनिट से ज्यादा हो गई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोटिव डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार कि दोपहिया वाहनों की बिक्री 4.73प्रतिशत, तिपहिया वाहनों की 6.68प्रतिशत, पैसेंजर व्हीकल की 2.45प्रतिशत, कमर्शियल व्हीकल की 6.6प्रतिशत, ट्रैक्टरों की 8.68प्रतिशत और कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट्स की बिक्री 54.95प्रतिशत बढ़ी। फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विग्नेश्वर ने बताया कि त्योहार और शादी के सीजन ने बिक्री को प्रोत्साहन दिया, लेकिन वित्तीय चुनौतियां, कुछ मॉडलों की सीमित उपलब्धता, शुरुआती मानसूनी बारिश और इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती लोकप्रियता ने खरीद के पैटर्न को प्रभावित किया। विग्नेश्वर ने बताया कि जून में दोपहिया वाहनों की मांग अच्छी रही, जबकि पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में बिक्री में सालाना 2.45प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, हालांकि मासिक आधार पर इसमें 1.49प्रतिशत की गिरावट रही। भारी बारिश और बाजार में नकदी की कमी से ग्राहक कम हुए, जबकि नई बुकिंग और प्रोत्साहन योजनाओं ने आंशिक रूप से सहारा दिया। कुछ डीलरों ने यह भी कहा कि कुछ निर्माता कंपनियों ने वॉल्यूम लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अनिवार्य बिलिंग की प्रक्रिया शुरू की, जिससे इन्वेंट्री स्तर करीब 55 दिन तक पहुंच गया।

## न्यूज इन शॉर्ट

### आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आयुष्मान आरोग्य शिविरों का होगा आयोजन



शहडोल। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन जन समुदाय को स्वास्थ्य सुविधाएं, उनके निवास के निकट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 14 जुलाई 2025 को किया जा रहा है। यह शिविर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शहरी एवं ग्रामीण मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक उपस्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने बताया कि आयोजित शिविरों में गर्भावस्था एवं प्रसव संबंधित देखभाल, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधित देखभाल, छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण तथा रोगग्रस्त बच्चों की जाँच एवं उपचार किया जायेगा। गैर संचारी रोग उपचार, जिसने एन.सी.डी. की जाँच उपचार तथा फालोअप अपेक्षित है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी क्रमांक-01 तथा डी.आई.ओं. द्वारा सतत् पर्यवेक्षण किया जावेगा। इसी प्रकार संचारी रोग जिसके अन्तर्गत जनसहयोग व भागीदारी से क्षय रोग उन्मूलन के लिए आवश्यक गतिविधियां जिसमे नए मरीज की खोज, जाँच एवं उपचार सुनिश्चित किया जायेगा। साथ ही नये निश्चय मित्र बनाकर टी.बी. मरीजों को फूड बास्केट उपलब्ध कराया जायेगा। जिला स्वास्थ्य अधिकारी-03, डी.टी.ओ. तथा एपिडेमोलाजिस्ट की मानिटरिंग व गुणवत्तापूर्वक कार्य तथा पोर्टल पर इन्ट्री सुनिश्चित करेंगें।

### जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक 11 जुलाई को

शहडोल। जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक 11 जुलाई को अपरान्ह 02 बजे से शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जून 2025 तक की स्थिति में प्राप्त आबंटन, व्यय, शेष राशि तथा कार्यों के भौतिक लक्ष्य पूर्ति तथा पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यों की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### किसानों को निर्वाध रूप से उपलब्ध कराएं उनकी आवश्यकता अनुसार रासायनिक उर्वरक- कलेक्टर

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने खरीफ सीजन में किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार रासायनिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश कृषि, सहकारिता विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने जिले में रासायनिक उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले के समस्त कृषकों को उनकी आवश्यकता अनुसार रासायनिक उर्वरक उपलब्ध हो सके। आपने यूरिया, डीएपी एवं एनपीके सहित अन्य उर्वरकों की उपलब्धता की स्थिति की जानकारी प्राप्त की साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि उर्वरकों के वितरण में किसी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाए।

### जवाहर नवोदय विद्यालय मऊ, ब्यौहारी में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 29 जुलाई तक

शहडोल। प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय मऊ, ब्योहारी उमा पी राउत ने जानकारी दी है कि जवाहर नवोदय विद्यालय मऊ में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरे जा रहे हैं। जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी इस वेबसाईट पर जाकर अपना आवेदन भर सकते है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। सत्र 2025-26 में शहडोल जिले में निवासरत एवं जिले में स्थित विद्यालयों में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत् छात्र/छात्रायें इसके लिए पात्र हैं। आवेदन पत्र भरने हेतु पात्रता एवं निर्देश संबंधी अधिक जानकारी वेबसाईट पर उपलब्ध है।

# जनपद में धड़ल्ले से चल रही अवैध पैथालॉजी, स्वास्थ्य से खिलवाड़

## बिना अनुमति चल रहे जांच केंद्र, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**विजय मत, शहडोल।**

जयसिंहनगर, बुढार और ब्यौहारी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिना पंजीयन और मान्यता के कई पैथोलॉजी लैब धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं। ये लैब बिना किसी कानूनी प्रक्रिया, पंजीयन या चिकित्सा मान्यता के आमजन के स्वास्थ्य से सीधा खिलवाड़ कर रही हैं।

### जिम्मेदार अधिकारी बने मूकदर्शक

स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन को इन अवैध लैबों की जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे संबंधित अधिकारी या तो अनजान बने हुए हैं या फिर मिलीभगत में शामिल हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास ही कई अवैध लैब चल रही हैं, जिस पर भी कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा।

### बिना लाइसेंस और दस्तावेजों के संचालन

इन लैबों के पास पॉल्यूशन बोर्ड, सीएमएचओ, नगर पालिका अथवा मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट से संबंधित कोई अनुमति नहीं है। किराया नामे, गुमास्ता लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन जैसे अनिवार्य दस्तावेज भी गायब हैं। नियमों का पूरी तरह उल्लंघन किया जा रहा है।




### योग्यता विहीन लोग बना रहे रिपोर्ट

इन लैबों में न तो प्रशिक्षित टेक्नीशियन हैं और न ही योग्य पैथोलॉजिस्ट। डीएमएलटी या अनपढ़ कर्मियों द्वारा मरीजों के खून, पेशाब आदि की जांच कर रिपोर्ट दी जा रही है, जिस पर ही डॉक्टर इलाज कर रहे हैं। इस तरह न केवल मरीजों की जान खतरे में डाली जा रही है, बल्कि मानसिक और आर्थिक शोषण भी किया जा रहा है।

### जुर्माने का प्रावधान, पर कार्रवाई नहीं

बिना पंजीयन जांच घरों पर पहली बार 50 हजार, दूसरी बार 2 लाख और तीसरी बार 5 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है, लेकिन इन नियमों को दरकिनार किया जा रहा है। एक भी लैब निर्बंधित नहीं है और विभागीय स्तर पर सुनवाई की कोई प्रक्रिया नजर नहीं आती।

### स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता सवालों के घेरे में

पूरे जिले में चल रही इन अवैध पैथालॉजी लैबों के संचालन पर स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी गंभीर चिंता का विषय है। यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो यह स्थिति बड़े जनस्वास्थ्य संकट में बदल सकती है। आमजन को जागरूक होकर प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग करनी चाहिए।

# अमरकंटक एक्सप्रेस में जहर खुरानी करके महिला यात्री से सवा लाख रुपए की लूट का आरोपी गिरफ्तार

**विजय मत, शहडोल।**



अमरकंटक एक्सप्रेस में जहर खुरानी करके महिला यात्री को लूटने वाले शातिर आरोपी को जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बारे में बताया गया है कि 04 जुलाई को गाड़ी सं 12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्स मे एक महिला यात्री गीता बाई रजक जोअपने परिजन के साथ भोपाल से उस्लापुर यात्रा कर रही थी यात्रा के दौरान जहरखुरानी का शिकार हुई थी। अज्ञात के विरुद्ध अ. क्र. 013/2025 दिनांक 04.07.2025 धारा 123, 305 (सी) बीएनएस दर्ज कर क्षेत्राधिकार जीआरपी शहडोल को स्थानांतरित किया गया।

टास्क टीम-2 प्रभारी उप.नि अर्जुन सिंह, मनोज कुमार एवं अनिल कुमार, रमेश साहू एवं दीपक यादव के साथ संयुक्त रूप से पताशाजी के दौरान उमरिया रेलवे स्टेशन में लगे सीसीटीवी फुटेज को चके करने पर देखा गया कि जनरल कोच से एक संदिग्ध व्यक्ति उतारकर उमरिया शहर की ओर गया पताशाजी करने पर ज्ञात हुआ कि बांधवगढ़ होटल उमरिया में रूका था मोबाइल नंबर होटल से प्राप्त कर ट्रेस किया गया। 09 जुलाई को आरोपी राजेश अरोरा गाड़ी क्र. 12853 अमरकंटक एक्सप्रेस मे यात्रा कर रहा था की शहडोल रेलवे स्टेशन में एंबुश कर पकड़ा गया घटना के संबंध में आरोपी से पूछताछ करने पर अपना नाम और पता राजेश अरोरा पिता राम बहादुर अरोरा, उम्र 56 वर्ष निवासी-न्यू कबीर नगर गाजियाबाद, थाना कबीर नगर, जिला गाजियाबाद (यूपी) का रहने वाला बताया और बताया कि वह 03 जुलाई को भोपाल रेलवे स्टेशन में महिला यात्री को अपना निशाना बनाकर भोपाल से यात्रा करना प्रारंभ किया यात्रा के दौरान महिला यात्री से परिचय कर उसे काजू किसमिस बादाम एवं सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन पर दो चाय लाकर जिसमें एक चाय स्वंय पीना एवं एक चाय मैं नशे की गोली डालकर महिला यात्री को पिलाया बेहोश हो जाने पर उमरिया रेलवे स्टेशन आने के पूर्व गले से एक सोने की माला को कटर से कट कर चोरी कर उमरिया में उतर गया और बताया कि आज भी किसी यात्री को निशाना बनाकर चोरी करता पश्चात वह चोरी किए हुए चोरी के माला को प्रस्तुत किये जाने पर उसे हिरासत में लेकर जीआरपी शहडोल में सुपुर्द किया गया जहां उसके विरुद् धारा.123,305(सी)बीएनएस दि. 08.07.25 दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया वर्तमान में आरोपी शहडोल जेल में बंद है। चोरी की गई संपत्ति के अनुमानित कीमत 102600/- ( एक लाख, छब्बीस सौ रुपए)आंकी गई है।

### आईटीआई में प्रवेश हेतु पंजीयन की तिथि 11 जुलाई 2025 तक

शहडोल। प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शहडोल की जानकारी दी है कि आईटीआई में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदकों द्वारा रजिस्ट्रेशन / रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार एवं इच्छित संस्थाओं तथा व्यवसायों की प्राथिमिकता क्रम के चयन की तिथि 11 जुलाई 2025 तक है प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी विभाग के पोर्टल पर प्रवेश रजिस्ट्रेशन 2025 पर जा कर रजिस्ट्रेशन / रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार एवं च्वाईस फिलिंग हेतु कार्यवाही कर सकते हैं। शहडोल में 14 ट्रेड इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वुड वर्क टेक्नीशियन, कोपा, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, मशीनिष्ट, टर्नर, वेल्डर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडिशनिंग टेक्नीशियन एवं सर्वेयर संचालित हैं। प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है।

# चार साल की बच्ची की कुएं में डूबने से मौत

**विजय मत, शहडोल।**

जिले के जैतपुर के बिरौड़ी में 4 साल की पारुल अगरिया की कुएं में डूबने से मौत हो गई। यह घटना उस समय घटी जब उसके माता-पिता खेत में काम कर रहे थे और बच्ची पास में ही खेल रही थी। खेलते-खेलते पारुल अचानक कुएं में गिर गई, जिससे उसकी जान चली गई।

पुलिस के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब पारुल के माता-पिता खेत में रोपाई कर रहे थे। उनका ध्यान बच्ची पर था, लेकिन खेलते हुए वह कुएं के नजदीक पहुंच गई और उसमें गिर गई। कुएं से तेज आवाज सुनकर माता-पिता और आस-पास के अन्य लोग दौड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पुलिस ने बताया कि जब तक पारुल को कुएं से बाहर निकाला गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कहा कि यह एक बेहद दुखद घटना है। हम मामले की जांच कर रहे हैं। इस हादसे ने बिरौड़ी गांव में शोक का माहौल बना दिया है। पारुल के माता-पिता गहरे सदमे में हैं। पारुल की मां ने कहा, हमने कभी नहीं सोचा था कि खेलते-खेलते हमारी बेटी हमें छोड़ देगी। इस घटना ने हमारी जिंदगी को हमेशा के लिए बदल दिया है। थाना प्रभारी जैतपुर जिया उल हक ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। बता दें कि इससे पहले सोहागपुर में तीन भाइयों की नाले में डूबने से मंगलवार शाम मौत हुई थी।

# छादा जंगल में जुआ खेल रहे पांच जुआरी पकड़ाए,14 बाइक जप्त

शहडोल। जिले के बुढार थाना क्षेत्र के छादा जंगल में जुआ खेल रहे जुआरियों को बुढार पुलिस ने गिरफ्तार कर नगद रुपए एवम एक दर्जन से अधिक बाइक जप्त कर कार्यवाही को अंजाम दिया है। कई दिनों से यहां जुआ फड़ संचालित हो रहा था, लोगों की सूचना पर पुलिस ने कार्यवाही की है। पांच जुआरियों के कब्जे से 3250 नगद रुपए बरामद हुए है।कुल मशरूका की कीमत पांच लाख से अधिक है।

बुढार पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के छादा जंगल में स्थित तालाब के समीप आम के पेड़ के नीचे ताश के पत्तों में लोग हार जीत का दाव लग रहे थे, कई दिनों से जुआरी इस क्षेत्र में फंड संचालित किए हुए थे। स्थानीय लोगों ने मंगलवार पुलिस को सूचना दी थी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने चारो तरफ से घेरा बंदी कर जुआरियों को पकड़ा है। थाना प्रभारी ने कहा कि कुछ जुआरी भागने में सफल रहे, लेकिन पांच को हमारी टीम ने गिरफ्तार कर लिए है।

पकड़े गए जुआरियों में आशीष शर्मा पिता शिव प्रसाद शर्मा (27)बरतरा ,मोहमद तनवीर पिता अय्यार वार्ड 21 शहडोल,राकेश पटेल पिता रघु पटेल कंचनपुर,सुदीप जैसवाल पिता विनोद जायसवाल जमुई,रोशन लोधी पिता विष्णु लोधी जमुई शामिल है।

पकड़े गए जुआरियों के कब्जे से पुलिस ने 3250 रुपए नगद जप्त किए हैं,एवं मौके से 14 मोटरसाइकिल भी पुलिस ने बरामद की है। जिसकी कुल कीमत पांच लाख 50 हजार है।

# नवजात शिशुओं को असुरक्षित जगह न फेंके

## जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक में कहा गया

**विजय मत, शहडोल।**

जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण की त्रैमासिक बैठक कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सदस्य महिला बाल संरक्षण आयोग श्रीमती मेघा पवार एवं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में आयोजित किया गया। बैठक में सदस्य महिला बाल संरक्षण आयोग ने मिशन वात्सल्य अंतर्गत बाल संरक्षण सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मिशन वात्सल्य योजना के तहत बच्चा दस्तक (गोद) पर लेने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग में पंजीकृत शासकीय, अशासकीय दस्तक ग्रहण एजेंसियो, संस्थाओ से बच्चा दस्तक लेने के लिए भारत सरकार के पोर्टल सीएआरए में पंजीकृत कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि दत्तक ग्रहण के अंतिम आदेश न्यायालय द्वारा जारी किए जाते हैं। किसी भी नर्सिंग होम, अस्पतालों, निजी संस्था, थाना, पुलिस स्टेशन या किसी भी व्यक्ति से बच्चा गोद लेने की अनुमति नहीं है, यह अपराध हैं।




उन्होंने बताया कि नवजात शिशु का त्याग करने वाले बच्चों को किसी भी असुरक्षित जगह पर न फेंके न ही छोड़े, ऐसा करने से उस शिशु, बालक के जीवन को खतरा हो सकता है, ऐसे स्थिति में शिशु को फेंकने की बजाय बिना पहचान बताए पालना में छोड़ जायें। पालना में छोड़े गये शिशु को गृह में रखकर उसका पालन पोषण योजना के अन्तर्गत किया जाता हैं। यह पालन शासकीय बालिका सम्प्रेक्षण गृह, वन स्टाफ सेन्टर, गढ़ी रोड, सोहागपुर तथा शिशु गृह बाई पास रोड के पास स्थापित हैं। ऐसे शिशु को यदि पालना में छोड़ने की स्थिति नहीं होने पर उसकी जानकारी चाइल्ड लाइन 1098 टोल फ्री नम्बर पर सूचना देकर शिशु को बचाया जा सकता हैं।

बैठक में पालन पोषण देखरेख योजना, स्पॉन्सरषिप योजना सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग अखिलेष मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंहा, अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी श्रीमती कल्याणी बाजपेई, सीडब्ल्यूसी सदस्य अभिषेक चौकसे, पूर्णिमा चौधरी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थें।

**लापरवाही**

## स्थान चयन को लेकर नगर पालिका असमंजस में, व्यापारियों की सहमति बनी चुनौती

# फुटकर व्यापारियों के लिए हॉकर्स जोन निर्माण की योजना अधर में

**विजय मत, शहडोल।**

नगर में वर्षो से सड़क किनारे व फुटपाथ पर व्यापार कर रहे हाथ ठेला व फुटकर व्यवसायियों को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से नगर पालिका ने हॉकर्स जोन निर्माण की कार्य योजना बनाई है। वर्ष 2024-25 में इस योजना को डीएमएफ मद से स्वीकृति भी मिल चुकी है, जिसके तहत 50 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। योजना के तहत नगर में 60 से अधिक फुटकर व्यापारियों के लिए स्थान निर्धारित कर समुचित व्यवस्था की जाएगी।

### स्थल चयन बनी सबसे बड़ी बाधा

हॉकर्स जोन निर्माण की प्रक्रिया में सबसे बड़ी चुनौती उपयुक्त स्थान का चयन बन गई है। नगर पालिका ने पूर्व में पौनांग तालाब के समीप स्थल चयन किया था, लेकिन वह मुख्य मार्ग के किनारे होने के कारण अब वैकल्पिक स्थान की तलाश की जा रही है। फिलहाल नगर पालिका शहर के भीतर किसी उपयुक्त जगह की तलाश कर रही है, लेकिन उपलब्ध भूमि सीमित होने के कारण अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं हो पाया है।

### पूर्व की असफलता से नपा है सतर्क

नगर पालिका ने पूर्व में नरसरहा में मछली मार्केट का निर्माण कराया था, लेकिन व्यापारियों ने उस स्थान को अस्वीकार



कर दिया और वहां व्यवसाय नहीं किया। परिणामस्वरूप यह मार्केट अब जीर्णशीर्ण अवस्था में पहुंच चुका है। नगर पालिका को आशंका है कि यदि हॉकर्स जोन के लिए भी व्यापारी असहमति जताते हैं, तो यह योजना भी विफल हो सकती है और सरकारी धन की बर्बादी होगी।

### 2800 से अधिक फुटकर व्यापारी हैं शहर में सक्रिय

नगर पालिका के अनुसार, शहडोल शहर में 2800 से अधिक फुटकर व्यापारी हैं, जो मुख्य रूप से गांधी चौक से जयस्तंभ चौक, बुढ़ार चौक, गंज रोड, स्टेशन रोड, सब्जी मंडी, बाईपास और नया बस स्टैंड रोड जैसे क्षेत्रों में अपने ठेले, गुमठी या जमीन पर बैठकर व्यापार करते हैं। इन व्यापारियों की अव्यवस्थित मौजूदगी से शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है और आए दिन दुकानदारों व ठेला व्यापारियों के बीच विवाद की स्थिति भी निर्मित होती है।

### शहर से बाहर के स्थानों को व्यापारी कर रहे अस्वीकार

नगर पालिका का कहना है कि पाली रोड और कोनी क्षेत्र में नगर पालिका की खाली भूमि उपलब्ध है, जहां हॉकर्स जोन विकसित किया जा सकता है। इससे शहर के विस्तार को बढ़ावा मिलेगा और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अव्यवस्था कम होगी। लेकिन व्यापारी इन स्थानों को शहर से दूर मानते हुए वहां जाना नहीं चाहते, क्योंकि उनका मानना है कि इससे उनके व्यापार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

### व्यवस्थित बाजार की मांग पर बनी सहमति

हाल ही में हुई बैठक में व्यापारियों ने सड़क किनारे लगने वाले ठेलों को व्यवस्थित करने की मांग रखी थी। नगर पालिका इस दिशा में सकारात्मक प्रयास कर रही है और व्यापारी हित को ध्यान में रखते हुए उचित समाधान की तलाश कर रही है। यदि उपयुक्त स्थान पर सहमति बन जाती है, तो हॉकर्स जोन निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू की जा सकती है।







स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा पीजी इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि., प्लॉट नं. 18, इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर म.प्र. से मुद्रित एवं विजय मत भवन, गायत्री मंदिर रोड, वार्ड नं. 13, शहडोल, म.प्र. से प्रकाशित। संपादक- सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला
(*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र शहडोल होगा। आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2018/76119, e-mail: vijaymat.sdl@gmail.com